* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 18

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


बर्थडे पर कोहली ने वनडे में लगाया 49वां शतक, सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा सैकड़े की बराबरी की





हमर जंगल हमर अधिकार

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत

अबुआ बीर दिशोम अभियान
का शुभारंभ

**अभियान का उद्देश्य**

इसके तहत राज्य में पहली बार व्यापक स्तर पर आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को उनके दावों के अनुरूप व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन पर वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाएगा।

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग



**दिनांक: 06 नवंबर, 2023 | समय: पूर्वाह्न 11:00 बजे**
**स्थान: द्वितीय तल स्थित सभागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची**

P.R. 310637 ( Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# पीएम मोदी को इसलिए कहा जाता है 'राजनीति का महारथी'

## ■ मुफ्त राशन योजना का विस्तार कर एक झटके में पलट दिया पूरा परिदृश्य

## ■ गरीबी के खिलाफ अपनी सरकार की लड़ाई को भी दे दिया नया मुकाम

## ■ पांच राज्यों में ही नहीं, आम चुनाव में भी भाजपा को होगा इसका फायदा

आजाद सिपाही विशेष

**दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कहा जाता है कि उनके मन में क्या चल रहा है, यह कोई नहीं जानता। राजनीति के मैदान में उनका अगला 'मूव' क्या होगा, इस बारे में किसी को कोई अंदाजा नहीं लग सकता है। इसलिए उन्हें 'राजनीति का महारथी' कहा जाता है, क्योंकि वह अक्सर अपने फैसलों से पूरे सियासी माहौल को एक झटके में बदल देते हैं। ऐसा ही एक फैसला उन्होंने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में लिया, जब उन्होंने देश के 80 करोड़ लोगों को दिवाली का बड़ा तोहफा देते हुए मुफ्त में राशन योजना (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) को पांच साल और बढ़ाने की घोषणा कर दी। कोरोना महामारी के बाद 30 जून 2020 को इस योजना की शुरुआत की गयी थी और समय-समय पर इस योजना को बढ़ाया जाता रहा है। पीएम मोदी का यह फैसला इतना अप्रत्याशित और बड़ा है कि केवल विपक्ष ही नहीं, लोग भी हतप्रभ हैं। पीएम मोदी की इस घोषणा को चुनावी माहौल का वह 'मास्टर स्ट्रोक' बताया जा रहा है, जिसका असर केवल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में ही नहीं, बल्कि अगले साल होनेवाले आम चुनावों और उसके बाद के चुनावों में भी दिखाई देगा। कहने का मतलब यह है कि पीएम मोदी की इस एक घोषणा से पूरे राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है। पीएम मोदी की इस घोषणा के पीछे कई कारण हैं और उनका विश्लेषण इतना आसान नहीं है। लेकिन क्या होगा इस घोषणा का असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक घोषणा से देश के राजनीतिक माहौल में उथल-पुथल मचा दी है। गरीबी के खिलाफ अपनी सरकार की लड़ाई को नया मुकाम देते हुए उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का एलान किया है। पांच राज्यों में इसी महीने होनेवाले विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के दुर्ग में उन्होंने यह घोषणा की, लेकिन इसका असर इन चुनावों के अलावा अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनावों और उसके बाद होनेवाले चुनावों तक दिखेगा।

कोरोना महामारी के समय प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की शुरुआत हुई थी। इस योजना के तहत करीब 80 करोड़ गरीब लोगों को हर महीने राशन मिलता है। अब इसे पीएम मोदी ने पांच साल के लिए और बढ़ाने का एलान किया है। देश के राजनीतिक माहौल को देखते हुए कहा जा सकता है कि पीएम मोदी ने यह एलान कर एक तीर से कई निशाने साध लिये हैं। उत्तरप्रदेश जैसे बड़े राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी का एक बड़ा कारण मुफ्त राशन योजना भी माना गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में फ्री राशन योजना का एलान किया है और अगले ही हफ्ते पूरे देश में दिवाली का त्योहार मनाया जानेवाला है। इस योजना को बढ़ाने से चुनावी मैदान में भी भाजपा को पूरा फायदा मिल सकता है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पूरे देश में करीब 80 करोड़ लोगों को फायदा मिलता है। इस योजना के तहत हर महीने निश्चित मात्रा में फ्री राशन मिलता है, जो कि निचले तबके के लोगों के लिए खासी राहत साबित होता है। इस योजना का समय इस साल दिसंबर में खत्म होनेवाला था, लेकिन अब इसे अगले पांच सालों के लिए बढ़ा दिया गया है। गरीब तबके और खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के



मतदाताओं के बीच इससे भाजपा और पीएम मोदी की छवि काफी मजबूत हुई है।

### निचले तबके के लोगों के लिए बनी बहुत बड़ी राहत

फ्री राशन योजना के तहत पांच किलो चावल या गेहूं फ्री में मिलता है। इसके अलावा राज्य सरकारें अपने स्तर पर भी इसमें कुछ और जोड़ सकती हैं। कई राज्यों में इसके साथ दाल, सोयाबीन तेल जैसी चीजें भी मिलती हैं। गरीब परिवारों के लिए फ्री राशन कोरोना महामारी के दौरान बहुत बड़ी राहत साबित हुआ था। इसने भाजपा के लिए मतदाताओं के मन में ज्यादा भरोसा भी पैदा किया। अब इस योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी गरीब मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लुभाने में मोदी सरकार कामयाब हो सकती है।

### भाजपा के आंतरिक सर्वे में फ्री राशन बना अहम मुद्दा

उत्तरप्रदेश में दूसरी बार सीएम बनने के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने पहला फैसला फ्री राशन बढ़ाने का ही लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के सभी दिग्गज नेता मुफ्त राशन योजना का जिक्र बार-बर चुनाव प्रचार में करते हैं। भाजपा के आंतरिक सर्वे और ग्राउंड रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है कि इसने बड़े पैमाने पर लोगों को पार्टी से जोड़ा है। योजना के लाभार्थी इस वजह से सरकार के साथ सकारात्मक तौर पर जुड़े हैं। इन तथ्यों को ध्यान में रख कर पीएम मोदी ने इस योजना को अगले पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है।

### जनकल्याणकारी छवि को भी बना रही मजबूत

राम मंदिर, धारा 370 और तीन तलाक जैसी उपलब्धियां जहां पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व और भाजपा की राष्ट्रवादी छवि को मजबूत करती हैं, वहीं फ्री राशन योजना के साथ सरकार कांग्रेस और विपक्ष के हमलों का काट भी सटीक तरीके से ढूंढ़ पायी है। आम तौर पर केंद्र सरकार पर राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेता कारोबारियों के समर्थन में काम करने का आरोप लगाते हैं। दूसरी ओर भाजपा फ्री राशन, जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना जैसे कार्यक्रमों का जोर-शोर से प्रचार करके अपनी जनसरोकारी छवि मजबूत करने का काम कर रही है।

### फ्री राशन स्कीम से चुनाव में मिलेगा फायदा

योजना के विस्तार का एलान ऐसे समय किया गया है, जब त्योहारों का मौसम चल रहा है। अपनी घोषणा में पीएम मोदी ने गरीबी के खिलाफ अपनी सरकार की लड़ाई को नया मुकाम देते हुए कहा कि लोगों के सपनों को पूरा करना मोदी का संकल्प है। इससे गरीब का पैसा बचेगा, तो उसका इस्तेमाल वह जिंदगी की अन्य जरूरतों के लिए करेगा। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा कि गरीबी को समझने के लिए किसी किताब को पढ़ने की जरूरत नहीं है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में 4.82 करोड़, छत्तीसगढ़ में दो करोड़ और राजस्थान में 4.4 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिलता है। इन तीनों राज्यों में आधी से ज्यादा जनता को मुफ्त राशन स्कीम का फायदा मिलता है। फ्री राशन स्कीम को पांच साल और बढ़ाने का एलान तीनों राज्यों में भाजपा को फायदा पहुंचा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे इन राज्यों के करोड़ों लोगों को सीधा फायदा होता है। लेकिन कांग्रेस सरकार वाले राजस्थान और छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की भी तमाम मुफ्त वाली स्कीमें चल रही हैं। ऐसे में जनता कैसे अपना मूड बनायेगी, ये देखने वाली बात होगी।

## राजनीतिक हलचल

# छत्तीसगढ़ चुनावः कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र, किसानों पर लगाया बड़ा दांव





छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश की जनता को लुभाने के लिए कांग्रेस ने कई बड़े वादे किये हैं। कांग्रेस के वादों की सूची में मुफ्त बिजली, धान खरीदी और तेंदूपत्ता कारोबारियों के लिए भी बड़ा वादा शामिल है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में एक बार फिर से कर्ज माफी का वादा किया है। साथ ही कांग्रेस ने कहा है कि प्रदेश में सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज में केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई फ्री में होगी। 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। इसके साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में मिलने वाली इनपुट सब्सिडी सहित किसानों को धान की कीमत 3200 रुपये क्विंटल मिलेगी। वहीं, कांग्रेस पहले 15 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदती थी। अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदेगी। इसके साथ ही 200 यूनिट तक बिजली लोगों को फ्री में दी जायेगी।

महतारी न्याय योजना के तहत महिलाओं को गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी। यह सीधे महिलाओं के बैंक खाते में जायेगी। साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 रुपये की जगह 6000 रुपये मिलेंगे। साथ ही चार हजार रुपये बोनस हर साल मिलेंगे। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज देने का वादा किया है। इसके साथ ही सभी सरकारी स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल बनेंगे। सड़क हादसे के शिकार लोगों का मुफ्त इलाज होगा। स्व सहायता समूह का भी कर्ज माफ होगा। तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जायेगा। कांग्रेस की सरकार जातिगत जनगणना करायेगी। परिवहन व्यवसायियों के कर्ज भी माफ किये जायेंगे। युवाओं को उद्योग लगाने पर सरकार 50 फीसदी सब्सिडी देगी। दाह संस्कार के लिए लकड़ी का प्रबंध फ्री में किया जायेगा।

# नीतीश को किसी गत का नहीं छोड़ेंगे लालू : अमित शाह

## जातीय जनगणना छलावा है, धोखा है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बिहार पहुंचे। पिछले 50 दिन में यह उनकी दूसरी यात्रा है। पटना एयरपोर्ट पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अमित शाह का भव्य स्वागत किया। हालांकि, शाह यहां पर केवल पांच मिनट ही रुके। यहां से सीधे बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट पहुंचे। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में कहा कि बिहार की जनता का वह धन्यवाद करते हैं, इस रैली को रैला बनाने के लिए। गृह मंत्री ने कहा कि 2014 में बिहार की जनता ने 31 सीटें और 2019 में 39 सीटें मोदी जी को दीं। 2024 में पूरे 40 की 40 सीटें देकर भाजपा को आशीष दें। 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बने, इसकी कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि जब-जब जनता ने एनडीए को आशीर्वाद दिया, तब-तब पलटू राम पलटी मार गये और जनता के जनादेश का अपमान कर गये।



### सर्वे छलावा है

वहीं जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सर्वे छलावा है। यादव और मुस्लिमों की आबादी को बढ़ा कर दिखाया गया और अति पिछड़े समाज की संख्या को काफी कम दिखाया गया है। अति पिछड़े समाज के साथ लालू-नीतीश की सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जाति गणना का समर्थन किया था, लेकिन हमें नहीं पता था कि लालू-नीतीश की सरकार अति पिछड़े समाज के साथ धोखा करेगी। ये लोग कहते हैं जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ठीक है लालू जी तो क्या आप इसकी घोषणा करोगे कि आपके इंडी एलायंस से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार अति पिछड़ा वर्ग का होगा।

### नीतीश जी, आपको किसी गत का नहीं छोड़ेंगे लालूजी

गृह मंत्री ने कहा कि मैं पलटू बाबू को कहना चाहता हूं कि आपने जनाद्रोह किया। लेकिन, मोदी जी की सरकार ने देश से आतंकवाद को उखाड़ने का काम किया है। राजद और जदयू धारा 370 हटाने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने धारा 370 हटाने पर कश्मीर में खून की नदियां बहने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि लालू जी खून की नदियां तो छोड़ो, एक कंकड़ तक अब तक नहीं चला। अमित शाह ने जनता से पूछा कि यह 2जी घोटाला करने वाला इंडी एलांयस चाहिए या 5जी देने वाली नरेंद्र मोदी की सरकार चाहिए? उन्होंने नीतीश कुमार पर तंज सकते हुए कहा कि आपको तो प्रधानमंत्री पद छोड़िए संयोजक तक नहीं बनाया गया। आपको देखिएगा लालूजी किसी गत का नहीं छोड़ेंगे।

www.epaper.azadsipahi.in

06 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 18

केरल सरकार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।












# क्रिकेट में भारत की लगातार आठवीं जीत

## 'किंग' के कमाल के बाद 'सर' ने मचाया धमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारत की खेल की राजधानी कोलकाता के इडन गार्डेंस पर रविवार को नया इतिहास रचा गया। विश्व कप के लीग चरण में भारत ने एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हराकर वनडे वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर ली। इसके साथ ही भारत ने अंक तालिका में नंबर-1 का स्थान भी सुरक्षित कर लिया है। इसका मतलब यह है कि सेमीफाइनल में भारत का सामना चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज के मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 326 रन बनाये। इसमें विराट 'किंग' कोहली ने नाबाद 101 रन बनाये और सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। श्रेयस अय्यर ने 77 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिये। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। भारत ने 20 साल बाद किसी विश्वकप में लगातार आठ मैच जीते हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने 2003 विश्वकप में आठ मैच एक के बाद एक जीते थे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पावरप्ले के शुरुआती ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी की। दोनों ने दक्षिणअफ्रीका के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाये रखा। रोहित-गिल ने पांच ओवर में 61



रन बना डाले थे। टीम ने 62 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गंवाया। यहां रोहित 24 बॉल में 40 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने कप्तान टेंबा बावुमा के हाथों कैच कराया। रोहित के आउट होने के बाद गिल-कोहली ने रन बनाने की कमान संभाली और पावरप्ले में स्कोर 90 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने पहले 10 ओवर में एक विकेट खोकर 91 रन बनाये।

327 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले पावरप्ले में 35 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिये। जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में दबाव बनाया और महज दो रन दिये। इस दबाव का फायदा सिराज के पहले ओवर में मिला। उन्होंने ओपनर क्विंटन डी कॉक (5 रन) को बोल्ड कर दिया। सिराज के बाद जडेजा ने अपने पहले ओवर में कप्तान टेंबा बावुमा (11 रन) को बोल्ड किया और शमी ने अपने पहले ओवर में ऐडन मार्करम (9 रन) को केएल राहुल के हाथों कैच कराया। इसके बाद नियमित अंतराल पर दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 27.1 ओवर में 87 रन बनाकर आउट हो गयी।

## 'किंग' ने की 'भगवान' की बराबरी

### बर्थ डे पर विराट ने ठोका 49वां शतक




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारत के 'रन मशीन' और विराट 'किंग' कोहली ने रविवार को अपने वन डे करियर की 277वीं पारी में वह कर दिखाया, जिसे 'क्रिकेट के भगवान'सचिन तेंदुलकर ने 452वीं पारी में किया था। कोहली ने इडन गार्डेंस पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गये विश्व कप के मैच में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इसके अलावा कोहली की इस खास सेंचुरी की खास बात यह रही कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की। सचिन ने अपने वनडे करियर में 463 मैच खेले। इस दौरान 452 पारियों में 44.83 के औसत से 18426 रन बनाये। इसमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शमिल हैं। विराट ने 277वीं पारी में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वें ओवर में अपना 49वां शतक पूरा किया। उन्होंने कगिसो रबाडा की तीसरी गेंद पर एक रन लेकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 शतक लगाये हैं। शतक लगाकर कोहली वनडे में जन्मदिन पर शतक लगाने वाले सातवें खिलाड़ी बन गये हैं। उनसे पहले टॉम लाथम, रॉस टेलर, सनथ जयसूर्या, मिचेल मार्श, सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली ऐसा कर चुके हैं।

**सचिन ने दी बधाई :** कोहली 49वें शतक पर सचिन तेंदुलकर ने मजाकिया लहजे में लिखा- मैं इसी साल 50 साल का हुआ हूं और मुझे 49 से 50 तक पहुंचने में 365 दिन लग गये। मुझे उम्मीद है कि आप 49 से 50 का सफर अगले कुछ दिनों में तय कर लेंगे।

हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच चरम पर

## चीन ने कोरिया को 2-1 से हरा कर जीता कांस्य



रविवार को झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले से पहले ट्रॉफी हाथ में लिये जोश और उत्साह से लबरेज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का रविवार को अंतिम दिन था। भारत और जापान के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीसरे स्थान, यानी कांस्य पदक के लिए चीन और कोरिया का मुकाबला हुआ। इसमें चीन ने 2-1 से जीत हासिल की। मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में प्रतियोगिता के अंतिम दिन दर्शकों का उत्साह चरम पर था। तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुकाबला शाम साढ़े छह बजे से शुरू होना था, लेकिन स्टेडियम चार बजे ही खचाखच भर गया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले के पहले तीन मिनट में चीन ने गोल कर कोरिया पर दबाव बनाना शुरू किया। चीन की यी चेन ने कोरियाइ डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। पहले हाफ में 1-0 की लीड को चीन की टीम बरकरार नहीं रख पायी। कोरिया ने पलटवार करते हुए 38वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 1-1 से बराबरी कर ली।

कोरिया की सुजीन एन ने गोल किया। मुकाबले के 47वें मिनट में चीन की टायंटियन लिओ ने शानदार फील्ड गोल कर मुकाबले में 2-1 की लीड ली और प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया।

**भारत-जापान के बीच फाइनल मुकाबला शुरू :** प्रतियोगिता का अंतिम मैच भारत और जापान के बीच शुरू हुआ। समाचार लिखे जाने तक किसी भी टीम ने गोल नहीं किया था। प्रतियोगिता में भारतीय टीम अब तक कोई मैच नहीं हारी है।

## जल्दबाजी में लांच किया गया था चंद्रयान-2: सोमनाथ

बेंगलुरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चीफ एस सोमनाथ ने अपनी आत्मकथा 'निलावु कुदिचा सिम्हंगल' (द लायंस दैट ड्रंक द मून) में पूर्व प्रमुख के सिवन पर सनसनीखेज आरोप लगाकर हड़कंप मचा दिया। उन्होंने सिवन पर जहां उन्हें इसरो चीफ बनने से रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया तो साथ ही यह भी दावा किया कि चंद्रयान-2 मिशन के विफल होने के पीछे एक नहीं, बल्कि पांच वजहें थीं। उसे जल्दबाजी में लांच किया गया था, इसलिए मिशन फेल हो गया था। हालांकि, बवाल ज्यादा बढ़ने के बाद इसरो चीफ सोमनाथ ने आत्मकथा को प्रकाशित नहीं करने का फैसला कर लिया है। अपनी किताब में इसरो चीफ सोमनाथ ने दावा किया था कि चंद्रयान 2 मिशन विफल रहा, क्योंकि इसे आवश्यक परीक्षण किये बिना जल्दबाजी में लांच किया गया था। सोमनाथ का कहना है कि जांच कमेटी को चंद्रयान-2 मिशन की विफलता के पांच मुख्य कारण मिले थे।

## सीएम आज करेंगे 'अबुआ बीर दिशोम अभियान' का आगाज

### आदिवासियों और वनों पर निर्भर लोगों को मिलेगा पट्टा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को 'अबुआ बीर दिशोम अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 'हमर जंगल हमर अधिकार' के नारे के साथ वनाधिकार पट्टा सौंपा जायेगा। जानकारी के अनुसार अभियान का उद्देश्य व्यापक स्तर पर आदिवासियों और वनों पर निर्भर रहनेवाले लोगों को उनके दावों के अनुरूप व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन पर वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जायेगा। झारखंड सरकार का यह महत्वाकांक्षी अभियान राज्य में पहली बार शुरू किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड



सचिवालय के दूसरे तल पर स्थित सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे, जबकि विभागीय मंत्री चंपाई सोरेन विशिष्ट अतिथि होंगे।

## गरीबी को जानने के लिए किताब पढ़ने की जरूरत नहीं : पीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गरीबी को जानने के लिए कोई किताब पढ़ने की जरूरत नहीं है। इस देश में गरीबी ही सबसे बड़ी जाति है, सबसे बड़ा समाज है। एक मीडिया समूह द्वारा यहां आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आज कश्मीर से आतंक और देश से गरीबी का अंत हो रहा है। अब यह साफ देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी और हमारा सेवाकाल शुरू हुआ, उस वक्त लोग 'रीशेपिंग इंडिया' की बात करते थे, यानी यह साफ था कि देश को नया आकार मिलने वाला है। इससे यह संदेश मिला कि भारत बेहतरी की ओर बढ़ रहा है। अब बात 'बियांड बैरियर्स', यानी बाधाओं के पार की बात हो रही है। इससे पता चलता है कि हमारा देश कई



सारी बाधाएं तोड़ने जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, देश की जनता अब सभी बाधाओं को तोड़कर राजनीतिक प्रतिनिधियों का समर्थन करेगी। वह इसे उज्ज्वल भारत की नींव के तौर देखती है। 2024 के नतीजे बाधाओं से परे होंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के समय देश कई बंधनों से बंधा हुआ था। इस दौरान देश उस गति से आगे नहीं बढ़ पाया, जितना कि सामर्थ्य था। यहां कुछ बाधाएं ऐसी भी थीं, जो खड़ी की गयी थीं।




## ललपनिया में धार्मिक स्थल से छेड़छाड़, सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआटांड़।** बेरमो अनुमंडल के ललपनिया लुगु पहाड़ की तलहटी स्थित धार्मिक स्थल से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गयी छेड़छाड़ के विरोध में स्थानीय लोगों ने रविवार को जम कर हंगामा किया। उन्होंने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रशासन ने सूझबूझ के साथ मामले को नियंत्रित किया और छह घंटे बाद



सड़क जाम हटा। बता दें कि रविवार की सुबह करीब सात बजे कुछ लोग स्नान करने के लिए वहां पहुंचे था। इसके बाद उन्होंने छरछरिया के निकट चट्टान पर धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ की। पुजारी राहुल तिवारी उन असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए गये, तो उन्हें जान से मारने के लिए बदमाशों ने तलवार निकाल लिया। तब तिवारी भाग कर दूसरी जगह छिप गये। इसके अलावा अन्य लोगों को भी उन्होंने सूचना दी। जानकारी मिलते ही ललपनिया पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक असामाजिक तत्व वहां से निकल चुके थे। थोड़ी ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग छरछरिया में जमा हो गये और सड़क जाम कर दी। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिये जाने के बाद जाम हटाया गया। घटना के बाद ललपनिया की सभी दुकानें बंद रहीं और लोग सड़क पर जमे रहे।

## छठ महासमिति खंभवा की बैठक

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। छठ महासमिति खंभवा की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता मिथिलेश पाठक ने किया। जिसमें व्यवस्था की समीक्षा हुई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तुलना में छठ घाट, गलियों और मंदिर के साफ-सफाई तथा सजावट बेहतर ढंग से किया जायेगा। बैठक में त्रिभुवन प्रसाद, अरुण सिंह, प्रकाश प्रसाद, पंकज यादव, सुधीर यादव, प्रमोद यादव, नागेश्वर यादव, प्रकाश साव, दीपक यादव और प्रकाश प्रजापति उपस्थित थे।

## आत्महत्या मामले में पत्नी गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियावां में तीन माह पूर्व एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भज दिया है। जानकारी के मुताबिक, बीते 25 अगस्त की रात भंडरवा निवासी अख्तर अंसारी के शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। इसको लेकर मृतक के भाई जावेद अंसारी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रूबी खातून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## जिला वनाधिकार की सदस्य बनी प्रेरणा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया को उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का सदस्य बनाया गया है। समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, राजकुमार गिरी, जयराज पासवान, शिशुपाल यादव, संतोष पाण्डेय, रिंकु माली, शेषनाथ सिंह, दीपक पाण्डेय, आशीष पांडेय, रामु यादव, मुकेश कुमार, रामदेव पासवान, छत्रु ठाकुर, अजित पाण्डेय, संतोष मंडल, संजय भुइयां, नीलेश यादव, बिरजू नायक, पंकज पाण्डेय, सहदेव मरांडी, प्रकाश टुडू, सामेल टुडू समेत कई लोगों ने बधाई दी।

## शक्ति कलश पूजन समारोह

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत जामु में 5 नवंबर को दुर्गा मंडप प्रांगण जामू में जिला स्तरीय गायत्री परिवार और जामू गायत्री परिवार के द्वारा 51 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ सह गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा 20 फरवरी से 24 तक को लेकर शांतिकुंज हरिद्वार से आये शक्ति कलश पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि सच्चिदानंद बाबूजी, उपजोन प्रभारी हजारीबाग रघुनंदन बाबूजी और उपजोन प्रभारी बोकारो लखनलाल प्रजापति बाबूजी उपस्थित रहेंगे।

## मोबाइल चोरी होने के बाद उसके खाते से अवैध निकासी

दारू (आजाद सिपाही)। दारू प्रखंड के काबिलासी पंचायत निवासी एक महिला के 8 अक्टूबर को मोबाइल चोरी हो गया था मोबाइल चोरी होने के बाद महिला के बैंक खाते में वही सिम लगा था जो उसके बैंक खाते में था चोरी गई मोबाइल की मदद से चोरो ने यूपीआई के द्वारा महिला के बैंक खाते से 12500 रुपैये की निकासी कर ली गयी। महिला के बैंक खाते से कबलासी के ही कुछ लोगों को ऑनलाइन भुगतान किया गया है साथ ही मेरु पेट्रोल पंप में भी भुगतान किया गया है। महिला का अकाउंट फिनो बैंक में बताया जा रहा है जिसके मदद से महिला ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेमेंट एप्लीकेशन के मदद से पेमेंट एप्लीकेशन अपने मोबाइल में डाउनलोड किया था ग्राहक सेवा केंद्र से उसके अकाउंट का खाता के विवरण निकलने पर पता चला की मोबाइल चोर ने अक्टूबर और नवंबर के महीने में लगातार ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से दर्जनों जगहों पर पेमेंट किया है इसमें कुछ पेट्रोल पंप में भी पेमेंट किया गया है और कुछ लोगों को अकाउंट में भी पेमेंट किया गया है। महिला का नाम रिंकी देवी पति राजेश कुमार रवि ग्राम सिलाडिह की निवासी है।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सम्मेलन में सरयू राय का बड़ा बयान

# दिसंबर पार नहीं कर पायेगी हेमंत सरकार

**झारखंड सरकार विधिसम्मत तरीके से काम नहीं कर रही**

**इडी की कार्यशैली पर संदेह करना कहीं से भी ठीक नहीं है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि जो संकेत मिल रहे हैं, जिस तरह की सूचनाएं आ रही हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड की हेमंत सरकार दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार विधिसम्मत तरीके से काम नहीं कर रही है। करप्शन बेहद तेजी से बढ़ रहा है और सरकार से शिकायत करने के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है। वह रविवार को कृष्णा पैलेस में मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि लोग इडी की मंशा पर सवाल उठाते हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि इडी सिर्फ विपक्षी पार्टियों के ही खिलाफ कार्रवाई करती है। क्या इडी पक्षपातपूर्ण तरीके से काम नहीं करती? हो सकता है कि कहीं इडी पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप सत्य हो, लेकिन क्या इडी जिन चीजें, जिन तथ्यों, जिन दस्तावेजों को बाहर निकाल रही है, वह भी गलत है?

सरयू राय ने कहा कि इडी को लेकर देश भर में तरह-तरह की बातें की जाती रही हैं। आज भी की जा रही हैं, लेकिन मेरा सवाल यह है कि इडी ने जिनके विरुद्ध भी कार्रवाई की है, उस कार्रवाई में कोई मीन-मेख निकला हो तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए। अगर कोई भ्रष्टाचार कर रहा है तो इडी कार्रवाई करेगी ही। अगर आपको लगता है कि इडी की कार्रवाई में कोई गड़बड़ी है तो आप सप्रमाण उसे पब्लिक डोमेन में रखें।

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने कहा कि झारखंड की सरकार में करप्शन काफी बढ़ गया है। जो भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैंने मुख्यमंत्री को कई बार लिखित में बताया कि यहां गड़बड़ी हो रही है, पर उन गड़बड़ियों को दुरुस्त करने, एक्शन लेने का टाइम मुख्यमंत्री के पास है ही नहीं। जिस मुख्यमंत्री के पास गड़बड़ियों की जांच करवा कर दोषियों को सजा देने का टाइम नहीं, उसे मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैंने विधानसभा में सुबूतों के साथ तथ्य रखे, लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं हुआ। स्पीकर के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कोई भी करप्शन चार्जेज हो, सरकार तुरंत एक कमेटी गठित कर देती है और कहती है कि 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट दें। 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट आ जानी चाहिए, लेकिन झारखंड में तो तीन-तीन साल तक कोई रिपोर्ट नहीं आती। ये काम करने का कौन सा तरीका है? जब कमेटी ने रिपोर्ट नहीं दी तो फिर आपने क्या एक्शन लिया? कुछ भी नहीं। इससे साफ है कि सरकार चीजों को छुपाना चाहती है। दवा घोटाले पर मैंने सुबूतों के साथ चीजों को विधानसभा में रखा, चीजें साबित हो गयीं, स्पीकर ने निर्देश भी दे दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई अब तक। अगर सरकार ऐसे ही चलेगी तो प्रशासन से आपका नियंत्रण खत्म हो जायेगा। यही अभी भी हो रहा है। सरकार चाह कर भी चीजों को नहीं रोक पा रही है। इसलिए हमें लगता है कि यह सरकार दिसंबर का महीना नहीं पार कर पायेगी। सरकार पर गंभीर संकट है।

आगे उन्होंने यह भी कहा कि मैं 32 के खतियान के विरोध में नहीं हूं। आप करना चाहते हैं तो करें, पर आपको 1932 और 2023 के बीच जो कुछ भी इस राज्य में घटा है, उसे समझना पड़ेगा। उसे आप न भूलें। अगर आप उसे भूलेंगे तो राज्य नहीं चलेगा। लोग दिखाते हैं अपना खतियान। हमें उससे कोई तकलीफ नहीं। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस झारखंड को अपना राज्य मानें। तभी बेहतर भविष्य सामने आयेगा।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए भारतीय जनतंत्र मोर्चा ही सबसे भरोसेमंद पार्टी है। यह पार्टी लगातार बढ़ रही है। हम लोग सरयू राय के बताए रास्ते पर चल रहे हैं। हमारी पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मजबूत उम्मीदवार उतारेगी।

इसके बाद राज्य के विभिन्न जिलों से आये हुए सैकड़ों लोगों ने सरयू राय की उपस्थिति में भाजमो की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

## विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड के पेटो पंचायत के जोरदाग रोड स्थित गेरा टांड में ग्रामीणों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व मुखिया रेशम परवीन व उपमुखिया लक्ष्मण साव व मो सुभान ने किया।

इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों ने एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना से निकलने वाले कोयले की ढुलाई के लिए आम सड़क का उपयोग न कर के अपनी अलग सड़क बनाने की मांग की।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**जयनगर (आजाद सिपाही)। जयनगर प्रखंड के पंडियाडीह क्रिकेट ग्राउंड में जय हिंद क्लब पिपचो के तत्वावधान में स्वर्गीय प्रयाग राम मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पथलडीहा वनाम सतडीहा के बीच खेला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत के मुखिया रामेश्वर यादव तथा संचालन सुनील कुमार गोप ने किया। मौके पर अंजू देवी, निर्मला देवी, केदारनाथ यादव, जयप्रकाश राम, गणपत यादव, राजकुमार यादव, महेंद्र कुमार राणा, कुंदन कुमार यादव, भोला यादव, दाउद आलम, गुलाम अंसारी, अजय यादव, बलदेव यादव, उमेश यादव, दीपक कश्यप, विजय यादव, सदानंद यादव, इसराइल अंसारी, मुन्ना यादव, सुजीत राज, भोला यादव, अरुण राना सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।**

## आगजनी में झोपड़ीनुमा होटल जलकर हुआ राख



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना के जीटी रोड के किनारे झोपड़ीनुमा होटल में बीती रात को आग लगने से जल कर राख हो गया। ग्राम लेमबुआ निवासी इंद्रदेव ठाकुर ने बताया कि बीती रात को अज्ञात लोगों ने आग लगा कर होटल जला दी। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, गोरहर पुलिस ने घटना का जायजा लिया। साथ ही मुआवजे की मांग की और दोषियों को गिरफ्तारी की बात कही। मौके पर सी.के पाण्डेय, राजकुमार नायक, बेलक्कपी सुरेश पाण्डेय, राजकुंआर गिरी, सुनील पांडेय, सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग में सेल का आयोजन

**प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को 10 रु में अच्छी सामान उपलब्ध करायी गयी।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रमाणिक जनसेवा मिशन कि सदस्यों के द्वारा दूसरे के घरों में खुशी लाने की कोशिश की गयी। उसी प्रयास के दौरान विभिन्न प्रकार की सामानों को एकत्रित कर शहर के जैन भवन में रविवार को सुबह 9 बजे से एक भव्य सेल लगाया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से सभी सामानों को महज 10 रु में असहाय, गरीब जनों को उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी में करीबन एक हजार से भी अधिक लोग शामिल हुए। प्रदर्शनी में बच्चों के खिलौने, बच्चों के कपड़े, जूता चप्पल, क्रोकरी के आइटम्स, गर्म कपड़े, जींस, साड़ी, सूट जैसे कई अन्य सामान लगाये गये थे। साथ ही बताया कि प्रदर्शनी कार्यक्रम में कॉस्मेटिक आइटम्स, क्रोकरी आइटम्स, बच्चों के खिलौने सहित कई अन्य सामान विधिवत स्टॉल के माध्यम से लगाये गये थे सभी स्टॉल में हमारी टीम की एक सदस्य मौजूद थी। साथ ही बताया कि गरीब, असहाय लोगों को महज 10 रु में सामान उपलब्ध करायी गयी थी 10 रु के हिसाब से एकत्रित हुई राशि को किसी सेवा के कार्य में लगाया जायेगा।

## ओमकारा होटल एंड बैंक्वेट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इचाक मोड़ में रविवार को जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने ओमकारा होटल एंड बैंक्वेट का उद्घाटन फीता काट कर किया।

इस दौरान जीप चेयरमैन मेहता ने कहा की बड़े शहरों के तर्ज पर इचाक मोड़ जैसे जगहों में भी होटल एंड बैंक्वेट खुलना खुशी की बात है।

अब लोगों को शादी पार्टी जैसे कार्यों के लिए शहर न जाना पड़ेगा। साथ ही कहा की आज के युवा वर्ग को व्यवसाय की ओर रुख करते हुए ऐसे प्रतिष्ठान खोलने की जरूरत है जिससे इनकम के साथ लोगों को रोजगार भी मुहैया करा सकते हैं।

उद्घाटन के मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रेम कुमार मेहता, पदमा मुखिया अनिल मेहता, आनंद आर्या, दित्या, कविता देवी, ज्योति कुमारी, मोनिका मेहता, नीतू कुमारी, राधे मेहता, रंजीत मेहता, छोटेलाल मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्वी पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ उठायें ग्रामीण: संजय सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** पूर्वी पंचायत भवन में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक की गई। अध्यक्षता रोहन साव एवं संचालन महावीर प्रजापति ने किया। बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष पंचम कुमार, उपाध्यक्ष रेखा देवी, विशाल कुमार, विनीता देवी, सचिव रिंकी कुमारी, संयुक्त सचिव सोहर महतो, निशा कुमारी, रेखा देवी, किरण देवी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रजापति, राजू कुमार, अशोक राम, रोहन साव, प्रभु तिवारी, बबीता, दिलीप भुईयां, मोहनी देवी, सविता देवी, लीला कुमारी, कामेश्वर कुमार, मुनिता देवी, भुवनेश्वर महतो, अनीता देवी, संतोष राम पुशन महतो, आदि को बनाया गया हैं। संजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक परिवार बन गये हैं झामुमो मजबूत करने का प्रयास करें। किसी भी समय किसी वक्त जिस प्रकार की जरूरत होगा हम विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित मुख्य उपस्थिति मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, संजय भुईयां, प्रभु राम, पवन तुरी, अशोक राम, सोहर महतो, टिंकू कुमार, पुष्पा देवी, अनीता देवी, किरण देवी, सविता देवी, लीला देवी, विनीता देवी, अजय कुमार, ठेका महतो, दिलीप राम, इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष शामिल है।

## जेबीकेएसएस बादम पंचायत कमेटी का गठन




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के तेतरिया टोला, अंबेडकर भवन बादम में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पंचायत स्तरीय बैठक सक्रिय सदस्यों तथा पंचायत वासियों की उपस्थिति में पंचायत स्तरीय पदाधिकारीयों का चुनाव किया गया। इस बैठक का अध्यक्षता शिवदयाल राम और संचालनकर्ता नागेश्वर रवि ने किया। बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष अजय कुमार रवि, सचिव अभय कुमार महतो, कोषाध्यक्ष फिरोज अंसारी, उपाध्यक्ष विक्रम कुमार कश्यप, गोविंद कुमार उपसचिव नीरज कुमार, शिवराज साव उपकोषाध्यक्ष दीपक कुमार मीडिया प्रभारी अजय कुमार बनाये गये। मौके पर उपस्थित सक्रिय सदस्य सुनीता साव, राकेश मेहता, टेकलाल प्रजापति, अशोक महतो, जनिसार आलम, राज किशोर चौधरी, शंकर साव, गुदन कुमार राम, विशाल कुमार, विनोद साव, लखन राम, जितेंद्र कुमार, फिरोज अंसारी, प्रमोद राम, राजु कुमार, राज कुमार रवि, अभय कुमार, अजय कुमार, अनिल राम, नागेश्वर राम, दीपक कुमार, शुभम राज, अभिषेक कुमार, संदीप कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि विद्यालय पहुंचे



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारीमाटी का औचक निरीक्षण शिक्षा विभाग के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने किया। इस दौरान मेहता ने बताया की निरीक्षण के दौरान पता चला की विद्यालय प्रबंधन कमेटी का गठन नहीं हुआ है। सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीधर राम से संपर्क किया गया तो पता चला कि प्रबंध कमेटी नहीं होने के कारण मध्यान भोजन संचालित करने के लिए डीएससी द्वारा अडॉप्ट कमेटी बनायी गयी है। सहायक अध्यापिका को संयोजिका का कार्यभार सौंपे जाने के कारण विद्यालय में पठन पाठन का कार्य प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि ने विद्यालय में पठन पाठन एवं मध्यान भोजन में कुछ-कुछ कई त्रुटियां पायी जिस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश निराला को अविलंब सुधार करने को बोला गया। साथ ही कहा की विद्यालय के प्रखंड कमेटी का चुनाव अविलंब हो इसके लिए जिले के डीएससी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बात करेंगे। निरीक्षण के दौरान चंदन कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश निराला, सहायक अध्यापक राजकुमार प्रसाद, तेज नारायण, परमात्मा कुमार, महेंद्र कुमार सिंह समेत ग्रामीण सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

## वस्त्रालय का विधायक ने किया उद्घाटन



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कोडरमा कोवाड मुख्य मार्ग पर श्री राजेश वस्त्रालय का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर तथा नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के साथ विष्णुकांत पांडेय के द्वारा किया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ऐसे दुकान का खुलने से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। वहीं श्री राजेश वस्त्रालय के प्रोपराइटर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान ने कहा कि दुकान में उचित मूल्य पर सभी प्रकार के वस्त्र की खरीद ग्राहक कर सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पूर्व मुखिया उषा देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, बद्री नारायण सिंह, दिनेश्वर राणा, बलदेव यादव, बबुन यादव, अरुण राणा, राजेश पासवान, शक्ति पासवान, दीपक कश्यप, कैलाश पासवान, सुरेश पासवान, अजय पासवान, बैजनाथ पासवान, दिलीप पासवान, बैजनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## थाली-दीया सजाओ प्रतियोगिता




झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत थाली-दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्ग एक से 5 तक के बच्चों के लिए आयोजित था। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें संगम कुमारी, वंदना कुमारी को प्रथम, अमन कुमार पासवान और अदीबा अहमद को द्वितीय तथा हर्षित झा को तृतीय स्थान मिला। अपने-अपने वर्ग में अवनि सिंह और अद्रिजा विश्वास प्रथम, यशप्रीत, अंश, अनुप्रिया द्वितीय, मो. फहद, शशांक और अंशिका तृतीय, कुणाल राज, राज पल्लवी, शालिनी और अरुही चौथा, प्रथम पायल, दूसरा नैतिक, तीसरा साक्षी, प्रथम उज्ज्वल कुमार और अर्णव कुमार, दूसरा मयंक कुमार और तन्मय, तीसरा तन्मय कुमार, प्रथम सुलव कुमार, द्वितीय मधु कुमारी और खुशी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम कामिनी सहाय अल्का सिंह और सीमा जैन की देखरेख में हुआ। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों द्वारा सजाये गये थाली और दीया को काफी सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में पर्व-त्यौहारों की समझ विकसित होती है।

## वर्कशॉप में लाखों के सामान की चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के पोचरा बाइपास सड़क स्थित एक वर्कशॉप से लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी होने को लेकर वर्कशॉप मालिक ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें दिवाकर भारती चौबे ने आवेदन में लिखा है कि किराया पर लिये गये वर्कशॉप में तीन नवंबर रात्रि करीब साढ़े 11 बजे चोरों ने अंदर घुसकर कई कीमती सामानों की चोरी कर ली। जो करीब 25 से 26 लाख रुपये मूल्य की बताया है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के लोहा डायवर्सन फोरलेन सड़क पर ट्रांसपोर्ट नगर के निकट अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, इचाक निवासी बशीर मियां अपनी स्कूटी संख्या जेएच 02 बीसी 7146 पर सवार होकर हजारीबाग की ओर घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। जिससे स्कूटी सड़क पर गिर गई और बशीर मियां गंभीर रूप से घायल हो गये। कुजू पुलिस द्वारा घायल को इलाज के लिए रामगढ़ स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके गंभीर स्थिति को देख रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## दीप दान और हरिनाम संकीर्तन 7 को

**गोला (आजाद सिपाही)।** चितरंजन सेवा सदन गोला स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री श्री राधा रमन मंदिर, कुटाम (सिल्ली) के भक्त पवित्र कार्तिक महीने के अवसर पर दीप दान और हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्यों के साथ गुरुकुल के छात्रगण भी उपास्थित होंगे। कार्यक्रम के तहत गोला में नगर संकीर्तन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक होगा। उसके पश्चात 5:30 बजे से 1 घंटे के लिए कृष्ण कथा होगा। 6:30 बजे से 7:30 बजे तक दीप दान होगा। साथ ही कीर्तन और महाप्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है।

### यादव महासभा का समापन समारोह

# अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** शहर के बाबा घाट मैदान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, असम, बिहार, बंगाल समेत अन्य प्रदेशों के भी प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास यादव तथा संचालन चतरा जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपन कुमार घोष, राष्ट्रीय महामंत्री प्रफुल्ल यादव, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व बरही विधायक मनोज यादव, इस कार्यक्रम के संयोजक चतरा लोकसभा प्रत्याशी रंजन यादव, लोकसभा के राजद प्रत्याशी सुभाष यादव और नीलम देवी, शोभा यादव, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, बिहार के पूर्व विधायक विनोद कुमार यादवेंदू, समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर ब्रिगेडियर प्रदीप यादव द्वारा शहीद यदुवंशियों के घरों की मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कर लाया गया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस मंच से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग हो रही है जिसे मैं केंद्रित नेतृत्व को केंद्र सरकार के पास इस प्रस्ताव को रखूंगी। वक्ताओं ने मंच से अहीर रेजिमेंट बनाने और बिहार की तर्ज पर पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की मांग किया। इस इस मौके पर अन्य प्रदेशो के अलावा झारखंड के अनेक जिलों से भी काफी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# बुटिक और फैशन ज्वेलरी का उद्घाटन



**महिलाओं को एक ही छत के नीचे मिलेगा संपूर्ण वैराइटी: सुनीता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित श्री राधे राधे बुटीक आइटम्स और फैशन ज्वेलरी का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर कर किया। सर्व प्रथम विधायक के आगमन पर प्रतिष्ठान की संचालिका डिप्लोमा फैशन डिजाइनर लीशा अग्रवाल और आशा अग्रवाल ने बुके व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने संचालिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ शहर में इस तरह की आधुनिक दुकान खोलने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगी, खासकर महिलाएं और युवतियां को एक ही छत के नीचे आकर लाभ ले सकेंगी। मौके पर संजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सोनी गोयल, बप्पी, रेशमा, आयशा, दिव्या, रिंकी अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, अस्मिता राज, सिंपल बेरलिया, राजकुमार अग्रवाल, सहित आजसू पार्टी के विमल बुधिया, दिलीप दांगी, संजय बनारसी, बिभन सिंह, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, पिंकी देवी, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, पवन करमाली, रिंकू करमाली आदि मौजूद थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन फाउंडेशन उपाध्यक्ष शांति देवी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन से जुड़ी आगामी तैयारी और सदस्यों को स्वावलंबी बनाने को लेकर पदाधिकारियों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद सदस्यों को दीपावली व छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फाउंडेशन का एकमात्र लक्ष्य सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर भाजपा नेता रतन प्रसाद साहू ने उज्जवला फाउंडेशन के द्वारा अब तक जनहित में किये गये कार्यों के लिए बधाई दी। मौके पर मन्सरी देवी, सुमन देवी, रिंकू देवी, मुनिता देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, क्रांति देवी, मानकों देवी, करमी देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, कुन्ती देवी, शीला देवी, किरण देवी, सुलेखा देवी, सुमंती देवी, नबुला देवी, रेशमी देवी, धनेश्वरी, रीता देवी, चूड़ा देवी, देवंती देवी, गुनिता देवी, पूनम, रेखा, कंचन, अंजू, आकांक्षा, निरासो, रूपा, लक्ष्मी, खुशबू, सावित्री, गिरिजा आदि शामिल रहे।

## भुइयां समाज ने निकाला कैंडल मार्च



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भुइयां समाज द्वारा एक विशाल केंडल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च का आयोजन मृतका के गांव खूंटीकेवाल खुर्द से प्रारंभ कर पानी टंकी होते हुए ब्लॉक मोड़ तक गया। कैंडिल मार्च में हजारों की संख्या में भुइयां समाज के महिला पुरुष शामिल होकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नही होने से जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताया। ज्ञात हो कि हंटरगंज बाजार स्थित टुनटुन मार्केट में काम कर रही खूंटीकेवाल खुर्द गांव निवासी प्रमोद भारती की पुत्री मुस्कान कुमारी (14 वर्ष) फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। घटना टुनटुन वस्त्रालय के मलिक के घर के ऊपरी तल्ले पर घटित हुई थी। इस कांड के मुख्य आरोपी टुनटुन गुप्ता चतरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। जबकि कुमकुम गुप्ता की पत्नी तथा एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है।

# बिरसा मुंडा की जयंती मनाने को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती की जयंती मनाने को लेकर रविवार को सिदो कान्हू जिला मैदान में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सिद्धू कान्हू जिला मैदान में धूमधाम से मनायी जायेगी। इसकी तैयारी को लेकर लोगों को जिम्मेदारी दी गयी है। बैठक में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग मामले के मंत्री प्रतिनिधि अनिल मुंडा, बिरसा कच्छप, विजय कच्छप, श्रीवास्तव मुंडा, दीपक उरांव, नितेश मुंडा, सूरज मुंडा, जगरनाथ मुंडा, शशि करमाली, आर्या मुंडा, विकी मुंडा, दीपक मुंडा, मिथुन मुंडा, बसंत मुंडा, राजू मुंडा, जुगनू मुंडा, रवि मुंडा, राजू मुंडा, छोटेलाल मुंडा, आकाश मुंडा, बिनोद मुंडा, अनिल मुंडा, पवन मुंडा आदि उपस्थित थे।

## जय राम ने की पूर्व विधायक से मुलाकात



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के नव मनोनित रामगढ़ जिला के अनसूचित जाति के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जय कुमार राम ने पूर्व विधायक ममता देवी से शिष्टाचार मुलाकात किया। राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा महत्पूर्ण जिम्मेवारी मिली है। इस जिम्मेवारी पर खरा उतरने का काम करुंगा। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसा पार्टी है जो दलित के उत्थान के बारे में सोचती है। कांग्रेस पार्टी दलित के बारे में योजनाबद्ध तरीके से उत्थान के लिए कार्य करती है।**

# आम्रपाली के कर्मियों ने निकाली बाइक रैली




आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** इन दिनो सीसीएल की परियोजना आम्रपाली- चन्द्रगुप्त में जम कर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। बताते चले की रविवार को बी साइ राम निदेशक पी एन्ड पी सीसीएल ने अम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बाइक रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।यह बाइक रैली में मां अंबे, महालक्ष्मी में कार्यरत कर्मियों द्वरा संपन्न किया गया। जिसमें 100 सीसीएल कॉन्ट्रैक्टर वर्कर ने भाग लिया। इस मौके पर आम्रपाली चंद्रगुप्त क्ष महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## करातेकारों को दिया गया प्रशिक्षण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में करातेकारों को कराटे का विशेष प्रशिक्षण को ले शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने कराटेकारो को काता, कुमिते, किक, फाईट सहित अन्य तकनीक के गुर सिखायें। उन्होने बताया कि शिविर में विभिन्न बेल्ट प्राप्त करने वाले उभरते कराटेकारो को ट्रेनिंग दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो में आमिनी कुजूर, रेयांश राज, शिवांश राज, विकास बांध भारती, अनामिता कुमारी, आस्था सिंह शामिल है।

# खो-खो चैंपियनशिप का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सौन्दा बस्ती पारटांड स्टेडियम में रविवार से रामगढ़ जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रथम सब जूनियर खो-खो चैंपियनशीप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभात कुमार, अमित कुमार, मुखिया उपेन्द्र शर्मा, दयानंद प्रसाद, निरंजन प्रसाद, शशिभूषण बाउरी, अंबर कुमार, महेन्द्र राणा, मानस मुंडा, सकल मुंडा व रामबिलास करमाली आदि ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन कर किया। इसके बाद पहान ने खेल मैदान में पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खो-खो प्रतियोगिता में छह ब्लॉक के बालक-बालिका की टीम ने हिस्सा लिया है। मौके पर बालेश्वर मुंडा, स्वामी सिद्धांत बाउरी, राजकुमार मुंडा, धर्मवीर, संतोष प्रसाद, महतो, रामचन्द्र महतो, प्रदीप बाउरी, राहुल कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कवि मुंडा, आनंद तिग्गा, अभय मुंडा, आमिर सोहेल, नवीन कुमार, गौतम कुमार, अजित महतो, शिवानी कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजलि मुंडा, इन्सुल मुंडा, भारती कुमारी जुटे है।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक, समिति गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता किशुन महतो व संचालन महेश कुमार निगम ने किया।

इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 29 में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमे, संरक्षक सुधांशु रंजन, अध्यक्ष किशुन महतो, उपाध्यक्ष महेश महतो, कैलाश महतो, सचिव हेमंत कुमार, सहसचिव चुन्नीलाल महतो, सिकंदर अंसारी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, संगठन सचिव दिनेश महतो, अजय महतो, मीडिया प्रभारी शिव शंकर महतो, अजय चौधरी के अलावा कार्य समिति सदस्य में उमेश कुमार महतो, केदारनाथ चौधरी, निकेश कुमार, विनोद कुमार महतो, छुपलाल महतो, अजय कुमार महतो, रूपलाल महतो, कमल मुंडा शामिल है।

बैठक का संबोधित करते हुए सुरेंद्र महतो ने बताया कि आगामी चुनाव में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का ही परचम लाहरेगा। उन्होंने समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी को पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जिले के हर गांव-गांव में जा जाकर पहुंचाने का आह्वान किया।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
जिला एवं सत्र न्यायधीश IV,गुमला
MACC - 84/2021
Birsa Oraon and Others वादी
बनाम्
Dev Ram Mahto And Others प्रतिवादी
नोटिस बनाम्
1)Devram Mahto S/o Doman Mahto, Vill- Taragutu, P.o-Guniya, P.s-Ghaghra, Dist.-Gumla (JH) Owner of Vehicle No JH0769404

चूँ बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में M.A.C.C. वाद दायर किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपकी उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परन्तु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई हैं।

अत: आपको इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि आप दिनांक 28.11.23 को समय 10.30 बजे या उसके पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।
यह नोटिस आज दिनांक 20.10.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
जिला एवं सत्र न्यायधीश IV
गुमला ।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
जिला एवं सत्र न्यायधीश IV, गुमला
MACC - 80/2021
Bunifas Munda And Others वादी
बनाम्
Ali Imam Quraishi And Others प्रतिवादी
नोटिस बनाम्
1) Ali Imam Quraishi S/o Gulam Gaqsh Quriashi Vill- Bagru Road, Quraishi Mohalla, Lohardaga, Ward-II, P.S.+ District Lohardaga (JH) Driver of Truck No - JH08F3788.
2) Gulzar Khan S/o Saklu Khan Vill-Kisko, P.O.+P.S.-Kisko Dist - Lohardaga (Jh) Driver of Truck No-JH08F3788

चूँ बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में M.A.C. C. वाद दायर किया गया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परन्तु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई हैं।

अत: आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आग्रह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 28.11.23 को समय 10.30 बजे या उसके पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थित में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।
यह नोटिस आज दिनांक 20–10–23 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
जिला एवं सत्र न्यायधीश IV
गुमला ।


### शहीद की याद में जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन

# एक सूत्र में बांधता है कार्तिक मेला: अंबा प्रसाद

संतोष कुमार



मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं विधायक अंबा प्रसाद

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सुदूर गांव बटुका में रविवार को ऐतिहासिक जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने मेले मे आये ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन जोड़ी कार्तिक मेला ग्रामीणों को एक सूत्र में बंधता है। इसके अलावा पूजा कमेटी के सदस्यों ने मेले के उद्देश्य के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा की इचापीरी के स्वतंत्रता सेनानी और रामगढ़ के प्रथम विधायक खैरा मांझी के द्वारा इस मेले की शुरूआत की गयी थी ताकि ग्रामीण अपने बच्चों को शादी विवाह की बात इस मेले में आकर कर सके। इस अवसर पर एक और जहां नागपुरि आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, हफूआ पंचायत के मुखिया सारो देवी, किशोर कुमार महतो, पूर्व जिप सदस्य मनोज राम, पूर्व मुखिया बंधन गंझू, कृष्ण सिंह, नइम अंसारी मानसिंह, दौलत सिंह, महेश सिंह भुवनेश्वर ठाकुर, गुर्जर गंजू, विनोद मांझी, सोहराय मांझी, चंद्रदेव सिंह, भारत मांझी, बंसी मांझी सहित हजारों लोग शामिल थे।

# फुटबॉल कप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बलकुदरा पंचायत में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप को ले रविवार को पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें बलकुदरा पंचायत के ही दो टीम सरना स्पोंटिंग क्लब और न्यू युवक स्पोंटिंग क्लब के बीच खेला गया। इसके पूर्व मैच का उद्धाटन मुख्य अतिथि बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, पंचायत सचिव संगीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य राजू कुमार मुंडा और विशिष्ट अतिथि उपमुखिया लक्ष्मी कुमारी, जलसहिया अंजू देवी, वार्ड सदस्य मुन्नी देवी, राधा देवी, गुलशन मुंडा, आंगनबाड़ी सेविका रायमुनी देवी, मानती देवी, संगीता देवी, कविता देवी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें न्यू युवक स्पोर्टिंग क्लब की टीम उम्दा प्रदर्शन करते हुए 1-0 गोल मैच को जीतकर विजेता बनी। मौके पर रंजीत उरांव, रवि मुंडा, मनोज कुमार मुंडा, बजरंग यादव, सुनील मुंडा, सुशील मंडा, नरेश मुंडा जानू मुंडा संदीप मुंडा बबलू मुंडा, दिनेश मुंडा, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# विश्व में अशांति का माहौल

भौतिकवाद के युग में समूचे विश्व में अशांति का माहौल बना हुआ है। शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां पर दंगे-फसाद, झगड़े या गृह युद्ध जैसा माहौल न बना हुआ हो। पिछले कुछ समय से लगातार विश्व भर के अलग-अलग देशों से लोगों के आग की लपटों में झुलसने के समाचार सामने आ रहे हैं, जिससे तीसरा विश्व युद्ध होने की संभावना बढ़ती जा रही है, जो समाज के लिए घातक साबित होगा। गत वर्ष रूस और यूक्रेन के बीच चला युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि इसराइल पर किये गये आतंकी हमले से हजारों बेगुनाहों की जानें जा रही हैं। ज्यों-ज्यों विज्ञान ने तरक्की की, युद्ध के नये-नये आयाम खोजे गये त्यों-त्यों राजनयिकों व कई संगठनों में प्रतिशोध की भावना बढ़ने लगी। इतिहास गवाह है कि जब-जब भी युद्ध हुए तो संपूर्ण विनाश की आहट हुई। नये युग में युद्ध के लिए नयी तकनीक का प्रयोग होने लगा जो कि मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि समूचे वातावरण के लिए विनाशकारी होगी। कुछ युद्ध सीमाओं को लेकर व कुछ युद्ध धर्म के नाम पर लड़े जा रहे हैं। सीमा विवाद को लेकर तो युद्ध किसी हद तक समझ में आते हैं, परंतु धर्म के नाम पर जो युद्ध शुरू हुए हैं, उनसे समूची मानव जाति प्रभावित हो रही है। किसी भी धर्म में ऐसा नहीं कहा गया है कि युद्ध या खून-खराबा करने से शांति मिलती है या भगवान की प्राप्ति हो सकती है। हालांकि युद्ध कोई नयी बात नहीं है। इससे पूर्व भी राजा-महाराजाओं एवं देशों के बीच अपनी-अपनी सीमाओं को लेकर युद्ध होते रहे हैं, परंतु आज धर्म के नाम पर युद्ध करके किसी विशेष धर्म के लोगों का सफाया करना कोई विकल्प नहीं है। महात्मा बुद्ध जैसी महान हस्तियों ने युद्ध का विकल्प केवल शांति और शांति ही बताया, लेकिन इस धारणा को तब चोट मिलती है, जब एक देश शांत रहने की कोशिश करता है तो पड़ोसी देश उसको युद्ध के लिए उकसाता है। इसका उदाहरण तिब्बत जैसे देश हैं, जिन्हें केवल शांत रहने का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व भर में यह एक उदाहरण है। इसके अलावा भी कई देश शांति से रहना चाहते हैं, परंतु कुछ अन्य देश अपनी संप्रभुता कायम करने के लिए परमाणु शक्ति बनकर दूसरे देशों में अपने हथियार बेचकर धन अर्जित करते हैं व उन्हें युद्ध की आग में धकेलते हैं, ताकि उनकी आर्थिक व्यवस्था बनी रहे। विज्ञान ने जितनी ज्यादा युद्ध करने के लिए तकनीक की खोज की है, उसका प्रभाव युद्ध होने से संपूर्ण वातावरण पर पड़ता है। अक्सर देखा जा रहा है कि कुछ देश अपनी राजनीति चमकाने के लिए लोगों को बांटने का प्रयास कर दूसरे देशों की व्यवस्था में दखलंदाजी कर आतंकवाद पैदा करते हैं, जो कुछ समय बाद वही संगठन उस देश के लिए खतरा बन जाते हैं। उसका उदाहरण फ्रांस बन जाता है। विश्व में शांति बनाये रखने के लिए यूएनओ जैसी संस्थाएं काम कर रही हैं, परंतु प्रभावशाली देशों के आगे यह बौनी साबित हो रही हैं। अगर सही मायने में किसी भी देश के लोग अपने देश समुदाय, धर्म व मानवता के लिए काम करें, तो युद्ध जैसा माहौल कतई नहीं बन सकता।

**विश्व भर में यह एक उदाहरण है। इसके अलावा भी कई देश शांति से रहना चाहते हैं, परंतु कुछ अन्य देश अपनी संप्रभुता कायम करने के लिए परमाणु शक्ति बनकर दूसरे देशों में अपने हथियार बेचकर धन अर्जित करते हैं व उन्हें युद्ध की आग में धकेलते हैं, ताकि उनकी आर्थिक व्यवस्था बनी रहे।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अभी हम केवल अपने नेताओं के प्रति सहानुभूति रख सकते हैं, जो सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि वे व्हाइट हाउस से हरी झंडी के बिना अपने दम पर कार्य नहीं कर सकते हैं। यह आज के सामरिक वैश्वीकरण का एक कटु सत्य है। वैसे भी आतंकवाद से लड़ने के लिए अमेरिका का अपना एजेंडा है। सच है, यह देश भी वैश्विक अभियान का बहुत बड़ा हिस्सा है फिर भी अमेरिका की रणनीतियों के साथ आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण का शायद ही कोई एकीकरण हो।**

# आतंकवाद की न कोई सीमा न ही कोई वास्तविक धर्म

हरि जयसिंह



**बेशक हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी ने अपने दुर्लभ नेतृत्व गुणों का परिचय कैसे दिया था। उन्होंने दृढ़ विश्वास के साथ-साथ निर्णायक और दृढ़ता से कार्य करने की इच्छाशक्ति का जबरदस्त साहस दिखाया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि संकट के दिनों में सामान्य लोग भी उन्हें स्नेहपूर्वक याद करते हैं।**

हमास और इसराइल के बीच पश्चिम एशियाई संघर्ष दुनिया भर के लोगों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। विशेष रूप से चिंताजनक बात गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल में नागरिकों की जान को नुकसान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति मोहम्मद अब्बास से बात की है और नागरिक जीवन के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में आतंकवाद और हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजने का वायदा किया। मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जारी संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ठीक ही कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना एक सार्वभौमिक दायित्व है और इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खतरे से लड़ना वैश्विक जिम्मेदारी भी है। आतंकवाद के मुद्दे मौलिक प्रकृति के हैं। हमें मानवीय सभ्यता के भविष्य के लिए आतंकी कृत्यों का सही उत्तर ढूंढना होगा।

**आतंकवाद मानवता के विरुद्ध अपराध है। यह मानवाधिकार का मामला नहीं है।**

आने वाला समय निश्चय ही कष्टकारी है। इस संदर्भ में यह कहने की जरूरत है कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी नेतृत्व अपने घरेलू और वैश्विक मामलों को कैसे संचालित करता है। यहां समस्या आतंकवाद की प्रकृति और आयाम को समझने की कमी नहीं है। वास्तविक समस्या घरेलू स्तर के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर सीमा पार आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उचित उत्तर तलाशने में विफलता है।

अभी हम केवल अपने नेताओं के प्रति सहानुभूति रख सकते हैं, जो सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि वे व्हाइट हाउस से हरी झंडी के बिना अपने दम पर कार्य नहीं कर सकते हैं। यह आज के सामरिक वैश्वीकरण का एक कटु सत्य है। वैसे भी आतंकवाद से लड़ने के लिए अमेरिका का अपना एजेंडा है। सच है, यह देश भी वैश्विक अभियान का बहुत बड़ा हिस्सा है फिर भी अमेरिका की रणनीतियों के साथ आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण का शायद ही कोई एकीकरण हो। इसके विपरीत, रूस ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी कृत्यों के कारण भारत की पीड़ाओं के बारे में कुछ हद तक बेहतर समझ दिखायी है।

आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती और न ही इसका कोई वास्तविक धार्मिक आधार है। इसे मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में देखा जाना चाहिए और तदनुसार सख्ती से निपटा जाना चाहिए। खेदजनक बात आधी-अधूरी वैश्विक प्रतिक्रिया है। अब भी देरी नहीं हुई है। आतंक से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नये सिरे से सोचने और उचित सबक लेने का अभी भी समय है।

आतंकवाद मानवता के विरुद्ध अपराध है। यह मानवाधिकार का मामला नहीं है। दुनिया के नेताओं और विचारकों को निर्दोष नागरिकों के मानवाधिकारों के लिए कुछ विचार करने की जरूरत है। दीवार पर लिखावट स्पष्ट है-विश्व से आतंकवाद का सफाया करना होगा। अभी नहीं तो कभी नहीं, वैसे भी भारत दोराहे पर खड़ा है। इसके नेताओं पर नजर रहेगी कि वे आतंकवाद से निपटने में कैसा आचरण करते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे पिछले अनुभव से सही सबक लेते हुए आने वाली चुनौतियों से निपटें। चिंता की बात यह है कि भारतीय नेताओं में अपेक्षित सामूहिक इच्छाशक्ति का अभाव है, जो लोगों को ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। यह अमेरिकियों को श्रेय देना चाहिए कि वे न्यूयार्क और वाशिंगटन में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमलों के बाद एक राष्ट्र के रूप में उभरे हैं। उन्होंने दिखाया है कि उनका राष्ट्रवाद पैसा कमाने पर केंद्रित नहीं है, बल्कि उनके मानस में गहराई तक उतरता है।

बेशक हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी ने अपने दुर्लभ नेतृत्व गुणों का परिचय कैसे दिया था। उन्होंने दृढ़ विश्वास के साथ-साथ निर्णायक और दृढ़ता से कार्य करने की इच्छाशक्ति का जबरदस्त साहस दिखाया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि संकट के दिनों में सामान्य लोग भी उन्हें स्नेहपूर्वक याद करते हैं।

ऐसे में हमें यह बात लगातार याद रखनी चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ हमें अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इस कार्य के लिए हमारे राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ण स्पष्टता की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि अमेरिका भारत के हितों की सराहना करेगा। दरअसल नयी दिल्ली इस अशांत क्षेत्र में स्थिरता लाने वाला कारक बन सकती है। इस उद्देश्य के लिए हमें उचित नीति विकल्प और व्यवहार्य थिंक टैंक तैयार करने के लिए एकजुट सोच और समन्वित प्रयास विकसित करने होंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# नशे की कुख्यात सौदागर डॉली परवीन को परिवार के लोगों ने मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में कुख्यात ड्रग पेडलर डॉली परवीन को उसके भतीजे छोटा राजू ने गोली मारकर घयाल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोली डॉली के सीने के ठीक नीचे लगी है। मौके पर घयाल को टीएमएच लाया गया। खबर लिखे जाने तक गोली डॉली के शरीर में ही फंसी होने की जानकारी मिली है। फिलहाल स्थिति नाजुक बनी हुई है। वही डॉक्टरों ने इलाज के




लिए बाहर ले जाने की सलाह दी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को डोली के भाई मुजाहिद हुसैन ने अपने घर पर बुलाया था। जहां डॉली की मां गोल बीवी, साबिर की पत्नी बेबी की मौजूदगी में साबिर के बेटे छोटा राजू ने डोली को गोली मार दी। किसी को कुछ समझ में आता इससे पूर्व ही डोली अचेत होकर अपने मायके में ही गिर गई। आनन- फानन में टाटा मेन अस्पताल लाया गया। जहां स्थिति नाजुक बनी हुई है। आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती निवासी डॉली परवीन कुख्यात ड्रग पेडलर है। बीते माह ही वह जमानत पर जेल से बाहर निकली थी। डॉली के जेल जाने के बाद उसके भाइयों ने धंधा संभाला था। डोली कुख्यात अपराध कर्मी कदीम खान की पत्नी है। कदीम खान शुरू से ही ब्राउन शुगर का विरोध करता था। जबकि डोली परवीन का पूरा खानदान ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त है। डोली के जेल जाने के बाद कदीम खान ने अपने साले साबिर हुसैन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस मामले में कदीम खान, उसका भाई औरंगजेब खान, कलीम खान और सद्दाम खान जेल में है। इधर जेल से छूटते ही डॉली परवीन अपने धंधे में फिर से सक्रिय होने लगी थी। लेकिन उसकी मां गोल बीवी, भाई मुजाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, मेहंदी हुसैन, नबी हुसैन और साबिर की पत्नी बेबी को यह नागवार गुजरा।

उधर घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस टीएमएच पहुंच कर जानकारी ली। घटना के बाद डोली के बेटों ने टीएमएच में जमकर बवाल काटा। डॉक्टर की सलाह पर डोली को रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए जुट गयी है।

# रागिब हत्याकांड के बाद पुलिस की तैनाती एसपी के निर्देश पर एसआइटी गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कपाली।** बीते देर शाम कपाली में हुए एमडी रागिब आलम की हत्या के बाद क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। रविवार को चप्पे-चप्पे में पुलिस की तैनाती की गई। वही रागिब हत्याकांड को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए हत्याकांड के चश्मदीद अब्दुल के मुताबिक रागिब की हत्या के कुछ घंटे पूर्व अपराधकर्मी कपाली ओपी में थानेदार के साथ बैठा था। घटना के बाद से वह फरार है। उन्होंने बताया घटना के वक्त वह रागिब के साथ था। सिंटू व उसके दोस्त



बच्चों की पिटाई कर रहा था रागिब ने जाकर छुड़ा दिया। जिसके बाद सिंटू के भाई चिंटू ने रागिब को गोली मार दी। इस दौरान नाजिर व जीशान के साथ उसके गिरोह के सदस्य मौजूद रहे। चिंटू आपराधिक प्रवृत्ति व जमीन के कारोबार में संलिप्त है। कई बार उसने गोली चालन की घटना को अंजाम दी लेकिन पुलिस के सांठगांठ से बचते रहा। बताया जारहा है शनिवार शाम कपाली ओपी क्षेत्र के अलबेला गार्डन के समीप बच्चों के साथ मारपीट कर रहे सिंटू व अन्य युवकों को एमडी रागिब आलम ने बीच बचाव कर छुड़ा दिया था। जिससे नाराज सिंटू के भाई चिंटू ने नाजिर व जीशान के साथ रागिब आलम की हत्या कर दी। उसके बाद कपाली के लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने कपाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ओपी के बाहर प्रदर्शन करने लगे। वही सूचना मिलने पर घटना की जांच करने पहुंचे एसपी को देर रात तक लोगों ने घेरकर रखा।

# कुकड़ू में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 164 ग्रामीणों ने करायी जांच



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के कुकड़ू पंचायत भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कुकड़ू प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। रविवार को मानगो गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 164 लोगों ने जांच कराया। इस अवसर पर जेनरल मेडिसिन, शिशु रोग, स्त्री रोग, जेनरल सर्जरी, किडनी रोग, ईएनटी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर जरूरतमंद मरीजों को दवा उपलब्ध कराया गया। मौके पर गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजर राजपाल सिंह ने बताया निशुल्क जांच शिविर में सभी प्रकार के बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए।ताकि ग्रामीणों को इलाज कराने में सहुलियत हो सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।उन्होंने कहा चिकित्सा शिविर में डॉ जोयदेव नंदी, डॉ साकिब अहसन, डॉ.रोहित झा, डॉ. के मंडल, डॉ. अनुपम महतो, डॉ. शीला कुमारी सहित अन्य शामिल रहे।

# खूंटी में प्रधानमंत्री की सभा 15 नवंबर को, बनी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खूंटी जिले के उलिहातू में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम के खूंटी आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। रविवार को कार्यक्रम की सफलता को लेकर तुलसी भवन में भाजपा महानगर का बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची के विधायक सह पूर्व मंत्री सी पी सिंह, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला मंत्री सह महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू,जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा व अन्य मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा झारखंड की जनता से पीएम का विशेष लगाव रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की अनेकों सफल योजनाओं को झारखंड की धरती से पूरे देश को



समर्पित किया है। खूंटी के सभा में जमशेदपुर महानगर की सक्रिय एवं व्यापक भागीदारी रहेगी। पूर्व मंत्री सी पी सिंह ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य झारखंड का निर्माण किया। पीएम नरेंद्र मोदी के खूंटी दौरे को लेकर कार्यकताओं में भरपूर उत्साह है।वे सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तन्मयता से जुटे हैं।प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा में कार्यकताओं की सक्रियता सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडलों में बैठक शीघ्र सम्पन्न करने की बात कही। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से आवश्यक रिपोर्टिंग ली। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी उनकी जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें नमन करेंगे। सुबह 10 बजे पीएम उलिहातु में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे व भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों से मिलेंगे व खूंटी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से सुबह 10 बजे खूंटी पहुंच ने का आह्वान किया। मौके पर बारी मुर्मू, पंकज, सांसद प्रतिनिधि संजीव, राजेश शुक्ल, देवेंद्र, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, मिथिलेश सिंह यादव, नीरज सिंह, विकास सिंह, भरत सिंह, राजन सिंह, जटाशंकर, योगेश मल्होत्रा, डॉ राजीव, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार, रमेश हांसदा, कुसुम, प्रदीप, सुधांशु, बबुआ, प्रदीप, बबुआ, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, राकेश सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र, पप्पू, मंजीत, नीलू मछुआ, मनोज राम, राजीव, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, मोचीराम बाउरी सहित अन्य शामिल रहे।

# फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड वर्किंग कमेटी का गठन, अध्यक्ष सुमंत व नितेश को महासचिव का पदभार



**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन नंबर तीन स्थित शुमंगल गार्डन मैरिज हॉल में फोटोग्राफर सोसायटी आफ झारखंड का विजय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित मिलन समारोह में शहर व आस पास के लगभग 70 से अधिक पेशेवर फोटोग्राफर शामिल हुए। मौके पर सभी के सहमति से वर्किंग कमेटी का गठन किया गया। फोटोग्राफर सोसायटी आफ झारखंड के वर्किंग कमेटी में अध्यक्ष सुमंत कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, महासचिव नितेश कुमार, सह सचिव इंद्रनील विश्वास सचिव सूरज नमन,कोषाध्यक्ष तपन घोष, सहकोषाध्यक्ष दिलीप नायक व मीडिया प्रभारी अभिजीत को पदभार सौपा गया। इस अवसर पर स्कूटीव मेंबर में उदय लाल, समीर ओझा, विवेक गोरी, मंटू महतो, अभिषेक कुमार, सोनू आचार्य, सुनील गोराई, अशोक कुमार महतो, शंकर गोराई, अमित, मनोरंजन दास, कमल दास, परमेश्वर दास, मुकेश श्रीवास्तव, अभिजीत मुखर्जी को शामिल किया गया। मौके पर अध्यक्ष सुमंत कुमार शर्मा ने कहा आज फोटोग्राफरो के लिए सरानीय दिन है। प्रत्येक वर्ष 5 नवंबर को फोटोग्राफर सोसायटी आफ झारखंड का फाउंडर्स डे के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा मौके पर शामिल 70 से ज्यादा फोटोग्राफर सभी सोसायटी के फाउंडर्स होंगे। अध्यक्ष ने सभी फोटोग्राफर को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से एक दूसरे का मनोबल बढ़ेगी, वापस में सहयोग मिलने से युवाओ में काम करने की तजुर्बा मिलेगी। अध्यक्ष ने कहा दिसंबर माह तक वर्किंग कमेटी काम करेगी। उसके बाद नए कमेटी का गठन किया जायेगा।

## अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा ने दी श्रद्धांजलि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व सरपंच सह समाजसेवी बिरझन वर्मा, गढवा निवासी भीखम चंद्रवंशी, नगर उंटारी निवासी सुनील चंद्रवंशी,व मोहनलाल चंद्रवंशी के निधन पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के अनुमंडल इकाई द्वारा रविवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष रमेश चंद्रवंशी, सचिव गोपाल चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नंदू चंद्रवंशी, संरक्षक गोपीचंद, प्रमोद , कोलझिकि मुखिया सुरेश भंडारी, अविनाश, पूजा, परी सहित अन्य उपस्थित थे।

### डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने किया 'मेगा रक्तदान शिविर' का आयोजन

# 30 यूनिट रक्त अस्पताल को दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय मेलोडी मंडप छठ घाट में 'मेगा रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों से भवनाथपुर, रंका, कांडी, रमना, मेराल सहित गढ़वा जिले के डेकोरेटर्स बंधुओं ने आकर स्वेक्षिक रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा के प्रसिद्ध चिकित्सक सह रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कमलापुरी, विजय केशरी, नंद कुमार गुप्ता, राजमणि प्रसाद, लायन विजय कुमार, दौलत सोनी, उमेश कश्यप, विवेकानंद पाल, विजय गुप्ता, जिन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी, लायंस क्लब गढ़वा सिटी, लायंस क्लब ऑफ ग्रीन, जायंटस ग्रुप, कसौधन समाज, स्वर्णकार समाज,के साथ वोलेंट्री ब्लड डोनर एसोसियासन के विवेक तिवारी, पंकज चौबे, विपुल दुबे, जागृति युवा क्लब के प्रतिनिधित्व किये। संगठन के अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता ने कहा की हमारा संगठन समाज सेवा में अपनी भागीदारी हेतु कदम बढ़ाया है, जिसमे हम प्रत्येक प्रखंड में ऐसे सेवा के कार्य करने को कृतसंकल है। पीड़ित मानवता के सेवा में हमारे साथियों का सहयोग हमे पूर्णतः प्राप्त हो रहा है। चेयरमैन विनोद जैसवाल ने कहा की रक्तदान हमारे बेहतर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, वहीं हम रक्तदान कर किसी की जान बचाने में भी सहायक बन जाते है। सचिव विकास तिवारी ने कहा कि हम अपने संगठन के साथियों के सहयोग से कुल 30 यूनिट रक्तदान कर ब्लड बैंक के खाते में इजाफा किया है जो एक बड़ी मिशाल है। रक्तदान में संगठन के क्रमशः साथियों के नाम, वारक हुसैन, परमेश्वर प्रसाद, सोनू अयोध्या साउंड, संतोष मालाकार, शुभम कुमार दुबे, ओम प्रकाश केशरी, अंगद पासवान, अरविंद गुप्ता, प्रीतम मेहता, प्रदीप पाल, अकाश, प्रेम रंजन सिंह, रवि झुरा, अजीत नारायणपुर, सुनील प्रसाद कांडी, गुड्डू चौहान कांडी प्रमोद कुमार, राजेश पासवान, विमलेश यादव भवनाथपुर, मनोज गुप्ता भवनाथपुर, नंदलाल भवनाथपुर, धीरज रमना आदि ने की।

# सत्संग से ही भ्रष्टाचार मुक्त समाज संभवः संत रामपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। टंडवा में संत रामपाल जी महाराज का सत्संग कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया जिसमें सभी धर्म शास्त्रों वेद,गीता, बाइबल, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब, पुराणों तथा कबीर सागर में लिखे गूढ़ रहस्य को दिखाकर उनका वाचन किया गया और उनका जीवन में अनुसरण करने का उपदेश दिया गया। आयोजन से जुड़े नन्दु दास ने बताया कि सत्संग में संत रामपाल महाराज ने समाज में फैली बुराइयों नशाखोरी, दहेजप्रथा, भ्रूण हत्या, रिश्वतखोरी आदि को दूर करने तथा एक स्वच्छ समाज बनाने का संदेश दिया। रविवार को अपराह्न 3 बजे तक चले इस सत्संग में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक किया गया। शिष्यों ने बताया कि संत रामपाल महाराज के सत्संग को ग्रहण करके लोग सामाजिक बुराइयों व कुरीतियों से दूर हो चुके हैं तथा नशे की लत को छोड़ दहेज मुक्त शादियांकर फिजूलखर्ची को रोक रहे हैं। पूरे देश में धार्मिक कार्यक्रम समाज को जागरूक करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इस सत्संग कार्यक्रम मोतीचंद प्रसाद , महेंद्र प्रसाद, राजेश तिवारी, ऋतिक तिवारी, विकास यादव, अनिल प्रजापति, मुकेश विश्वकर्मा, राहुल, उपेंद्र चौधरी समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जमीनी विवाद में मारपीट महिला सहित चार लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। कल्याणपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गये। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में गढ़वा शहर के सदर अस्पताल के सामने निवासी स्वर्गीय गौरी शंकर गुप्ता की पत्नी तरं- गुप्ता प्रकाश शंकर गुप्ता एवं उनकी पत्नी श्वेता गुप्ता तथा धर्मडीहा गांव निवासी शिवरतन राम का नाम शामिल है। घटना के संबंध में प्रकाश शंकर गुप्ता ने बताया कि मेरा जमीन कल्याणपुर में है और उसे 10 दिन पूर्व नापी कराया गया था। जिमें की नानूराम और उसका भाई श्याम सुंदर राम मेरा जमीन को बा जबरदस्ती कब्जा करने की नीयत से कुछ दबंग व्यक्तियों को बुलाकर बाउंड्री कर रहा था। जब इसका हमने विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने लाठी डांटे से मारपीट कर हम सभी को घायल कर दिया इसके बाद आसपास के सहयोग से सभी की उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। प्रकाश शंकर गुप्ता का यहां तक भी कहना है कि हमने थाना में आवेदन दिया था और थाने से पुलिस गयी थी लेकिन नान्हू राम जे तरफ से पछपात कर पुलिस हमारा जमीन को सही तरीके से नापी नहीं कराया और नानूराम को सहयोग किया।

# डॉ असजद अंसारी को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। समाजसेवी सह रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ असजद अंसारी को आज रविवार को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ असजद अंसारी को मुख्य अतिथि डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, विशिष्ट अतिथि डीएलएसए सचिव विपुल सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ बीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी को दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक गढ़वा जिला के सभी सरकारी अस्पताल में सबसे अधिक रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान कराने पर व दूसरा गढ़वा जिला के मात्र एक प्राइवेट हॉस्पिटल मिलाप मेडिकल सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित कराने पर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि डॉ असजद अंसारी रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर भी हैं। डॉ असजद ने खुद अबतक 31 बार रक्तदान कर चुके हैं। वे रक्तदान के अलावे कंबल वितरण, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, अनाज वितरण, मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर, पाठ्य सामग्री का वितरण, विवाह में सहयोग, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में भी कई सेवा कार्य करते रहते हैं। डॉ असजद अंसारी ने कहा कि उनके द्वारा 13 बार मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसके तहत 455 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में गरीब व असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया जाता है। अभी तक उनके द्वारा 1300 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है। वहीं निः शुल्क दवा का भी वितरण की जाती है। वहीं पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष पौधारोपण किया जाता है। अभी तक उनके द्वारा 2500 पौधे लगायें जा चुके हैं।

## टीबी मुक्त भारत बनाने में अपना सराहनीय योगदान दे रहा है लायंस क्लब




गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस विशाल टीका केंद्र कार्यालय पुराना बस स्टैंड गढ़वा में लायंस विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में लायंस विशाल के द्वारा गोद लिए हुए टीबी मरीजों के बिच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इसके साथ ही डाक्टर कमलेश ने मरीजों को जल्द स्वस्थ होने के लिए नियमित दवा और खान पान और एक दूसरे में बिमारी ना फैले मरीजों को उचित मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हम सभी की छोटी छोटी कोशिश से बहुत जल्द भारत टीबी मुक्त हो जायेगा। आज के पोषाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में शामिल थे नंदलाल प्रसाद गुप्ता, ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ मुन्नजीर अंसारी, गिरिश कमलापुरी, सदर अस्पताल से विश्वास शर्मा और पीआरओ शौकत खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) का विशाल प्रमंडलीय महाधिवेशन 24 दिसंबर को

> यह महाधिवेशन कई मायनों में पलामू प्रमंडल और यहां की जनता के लिए ऐतिहासिक तथा अनुकूल साबित होगा

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आगामी 24 दिसंबर 2023 दिन रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के विशाल पलामू प्रमंडलीय महाधिवेशन का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त विषय पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के गढ़वा जिला प्रभारी ब्रजेंद्र पाठक, जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी और पंडित आनंद मोहन तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी साझा की है। बताया गया कि गढ़वा की धरती पर आयोजित होने वाला यह महाधिवेशन कई मायनों में पलामू प्रमंडल और यहां की जनता के लिए ऐतिहासिक तथा अनुकूल साबित होगा। महाधिवेशन पर जानकारी साझा करते हुए संगठन के पदाधकारियों में बताया की इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने में सभी कार्यकर्ता काफी पहले से ही लगे हुए हैं। महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण शिरोमणि पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मनोज तिवारी, भारत सरकार के लोकप्रिय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित अन्य कई जानी मानी हस्तियां भाग लेंगी। साथ ही कई राज्यों के डेलीगेट्स भी इस कार्यक्रम में शिरकत कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। पलामू प्रमंडल के प्रत्येक गांव में जाकर एक एक घर के एक एक व्यक्ति को इस अधिवेशन के विषय में जानकारी देते हुए इसमें शामिल होने का न्योता दिया जायेगा। संगठन के कार्यकर्ता पूरे जोश खरोश के साथ इसे सफल बनाने में अभी से ही लग गए हैं। इस कार्यक्रम में पूरे प्रमंडल से 40 हजार के लगभग लोग भाग लेंगे। बताया गया कि संगठन के लोग इस महाधिवेशन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, इसे ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए समाज के कई धमार्चार्य और कला संस्कृति से जुड़े लोग भी बढ़चढ़ कर प्रचार प्रसार करते हुए इसका हिस्सा बनेंगे।

## सुखवाना कॉलेज के पास से पुलिस ने युवक का शव किया बरामद

गढ़वा । गढ़वा थाना क्षेत्र के सुखवाना कॉलेज के पास से पुलिस ने शव को बरामद किया है। उसकी पहचान मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी शशिकांत मिश्रा का पुत्र धीरज मिश्रा 40 वर्ष के रूप में किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि शनिवार की शाम 6:00 बजे अपने घर से निकला था इसके बाद उसके परिजनों द्वारा उसे फोन कर-के पूछा गया तो उसने बताया कि वह अपनी बाल कटवा रहा है। इस दौरान उसका साला और उसके साले का साढ़ू उसे अपने साथ ले गया। इसके बाद परिजन धीरज का खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने धीरज का फेंका हुआ शव देखा तो इस बात की खबर उसके परिजनों को लगा। इसके बाद घटनास्थल पर जाकर देखा तो वहां पर धीरज का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर मृतक के पिता शशिकांत मिश्रा ने गढ़वा थाने में साला और उसके साढ़ू के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराया है। पुलिस प्राथमिक की दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## जागृति क्लब के अध्यक्ष बने महिपाल ने कहा: लाइटों से सुसज्जित होगा छठ घाट



गढ़वा(आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय में आस्था के छठ महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास और सादगी के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारी जिला प्रशासन से लेकर क्लब के सदस्यों द्वारा जोरदार तरीके से किया जाता है। छठ घाटों पर साफ सफाई की पूरी व्यवस्था दुरुस्त रहती है। साथ ही रंग बिरंगी लाइटों से छठ घाट को एक दुल्हन के जैसा सजाया जाता है। आज पांच नवंबर दिन रविवार को भगलपुर टंडवा स्थित छठ पूजा के आयोजन हेतु जागृति क्लब के द्वारा राजेंद्र गुप्ता संजय चौधरी विधायक प्रतिनिधि की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से इस वर्ष अध्यक्ष पद के लिए महिपाल कुमार को नाम मनोनीत किया गया। और उपाध्यक्ष पिंटू कुमार गुप्ता चंदन गुप्ता दीपक गुप्ता रोहित कुमार साह चंदन कुमार कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता सचिन विशाल गुप्ता सह सचिव पंकज कुमार पंकज विश्वकर्मा संयोजक धर्मेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना मीडिया प्रभारी में सोनू कुमार का नाम शामिल है।

## संगठन का मूल मकसद मुस्लिम समाज को एक प्लेटफार्म पर लाना : सदाब खान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के परिसर मे मुस्लिम एकता संगठन की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता शादाब खान ने की। शादाब खान ने कहा कि संगठन का मूल मकसद मुस्लिम समाज को एक प्लेटफार्म पर लाना साथ ही बिना भेद भाव किये एक दूसरे का मदद करना है। संगठन की शुरूआत 11 सदस्यीय संरक्षक को नियुक्त करके किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में अतहर अली अंसारी नियुक्त किये गये। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन अपने समाज को एक दस्तरखान पे लाने के लिए बनायी गयी है जिसका मूल मकसद समाज में हो रहे कुरीतियों पे पहल करते हुए उसका निराकरण किया जायेगा। साथ ही समाज में शिक्षा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

# ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया





आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के अनुयायियों की ओर से रविवार को यहां लघु सिंचाई विभाग के मैदान में श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 136वां जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रत्यूष बेला में शहनाई वादन से किया गया। इसके बाद उषा कीर्तन मंडली द्वारा उत्सव स्थल से प्रभातफेरी प्रारंभ होकर मुख्य पथ से होते हुये स्टेशन रोड, हनुमान मोड़, जंगीपुर ग्राम का भ्रमण करते हुये उत्सव स्थल पहुंचा। इसके बाद प्रातः कालीन सामूहिक प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण, नारी नीति, अनुश्रुति ग्रंथ, शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया। धृतिसुन्दर लाल व अन्य सत्संगी वृन्द द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया।

**श्री बंशीधर मंदिर से निकाली गयी भव्य शोभायात्रा :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के 136वां जन्म महोत्सव पर प्रातः 10:00 बजे श्री बंशीधर मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकली गयी। शोभायात्रा मुख्य पथ से होते हैं उत्सव स्थल पहुंचकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला का बैंड पार्टी आकर्षण का मुख्य केंद्र था। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सत्संगी जय राधे-राधे, हरे राम हरे कृष्णा, हरि हरि बोल उद्घोष के साथ शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

**बच्चों के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजित:** उत्सव स्थल पर बच्चों के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बच्चों द्वारा आकर्षक नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसमें जागृति, संजय, आर्यन, नैंसी, आकांक्षा की प्रमुख भूमिका थी।

**उत्सव स्थल पर मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन:** उत्सव स्थल पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सुदक्षिणा, माला देवी, सतवंती देवी नैना, शुक्ला मां, फुलवंती मां ने भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनीता देवी ने कहा कि दोष का अनादर करना चाहिये दोषी का नहीं। डॉ सोनम ने कहा कि नारी को अपने मुख्य कर्तव्य पर ध्यान देना चाहिये। अपने गुरु के प्रति समर्पित भाव से उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिये। गीता देवी ने नारी के आठ वैशिष्टियों का वर्णन किया। सुनीता देवी ने नारी की समाज परिवार में भूमिका का वर्णन किया। नारी से ही घर स्वर्ग बन जाता है।

**निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजितः** उत्सव स्थल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ कृतिसुन्दर लाल, डॉ सोनिका सोनल, डॉ रवीश, डॉ सत्व दा द्वारा मुफ्त इलाज किया गया व दवा उपलब्ध कराया गया।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद**

कार्यक्रम में ऋत्विक विजयनंदन सिन्हा, अखिलेश प्रसाद, ब्रजेश तिवारी, प्रमोद तिवारी, कृति सुंदरलाल, बैजनाथ प्रसाद, अजय दा, डॉ रविश सिन्हा, अमित अग्रवाल, टिंकू तिवारी सहित बड़ी संख्या में गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

### श्रद्धा और विश्वास के साथ की गयी पूजा सार्थक होती है : महेंद्र ठाकुर

उत्सव स्थल पर मातृ सम्मेलन के बाद साधारण सभा का आयोजन किया गया। साधारण सभा मे केके मल्लिक दा ने श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी का वर्णन किया। महेंद्र ठाकुर ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिये। घर परिवार को ठीक कर समाज को सुसंगठित कर सकते हैं।श्रद्धा और विश्वास के साथ मनुष्य के द्वारा किया गया पूजा सार्थक होता है। पूजा के लिये श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा दिया गया सतनाम से ही पूजा करने में मन लगता है। सतनाम ही मनुष्य को अच्छे पथ पर ले जाता है। अनाथ मंडल द्वारा कहा गया कि अपने बचते हुए दूसरों को बचाना ही धर्म है। यजन, याजन, इष्टभृति और सतनाम करने से मनुष्य का जीवन सुरक्षित रह सकता है। ऋत्विक अनिल सिंह ने कहा कि विश्वास से ही सब कुछ प्राप्त हो सकता है। दृढ़ विश्वास से ही सिद्धि प्राप्त हो सकती है। परमपिता पर विश्वास कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिये। सुख-दुख में भी सतनाम करना चाहिये। कुलदीप मिश्रा ने भी इष्ट चर्चा किया। साधारण सभा का संचालन ऋत्विक धर्मेंद्र नारायण ने किया। जबकि मातृ सम्मेलन का संचालन अनिता देवी ने किया।

## माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन

बंशीधर नगर। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में जिला कार्यकारणी के सदस्यों की बैठक सम्मान समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन +2 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा के सभा कक्ष में स्वस्ति वचन के साथ प्रारंभ की गयी। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री संजय मेहता ने की। समारोह में पूर्व शिक्षक सह संघ के संरक्षक पारस तिवारी, बलराम तिवारी कृष्णनंद पाठक ने उपस्थिति देकर आशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त शिक्षकों को संघ की तरफ से अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। +2 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रियाज अहमद ने संघ के कार्यों की प्रशंशा करते हुए बचे हुए वरीय शिक्षकों का वरीय वेतनमान दिलवाने की मांग की। नवनियुक्त शिक्षकों ने अपनी वेतन संबंधी परेशानियों से अवगत कराया और संघ के संगठन सचिव सूर्यजीत पाण्डेय के वेतन संबंधी कार्यों की प्रशंसा की। समारोह में माध्यमिक विधालय के 155 शिक्षक उपस्थित रहे तथा सदस्यता ग्रहण की।

## एसडीओ को सेवा भारती ने किया सम्मानित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अगुवाई में विज्ञान भवन लोहरदगा में निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल को अंगवस्त्र और बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि, अरविंद कमार लाल प्रशासनिक अधिकारी रहते हुए सभी के मन में एक आत्म विश्वास दिलाते हुए भय मुक्त बनाएं और एक परिवार की तरह सभी को मानते रहे। ये हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। तत्कालीन एसडीओ अरविंद लाल ने कहा कि लोहरदगा जिला के लोगों ने हमें बहुत ही प्रेम दिया। सभी ने मिलजुल कर हर क्षेत्र में हमारे साथ कदम से कदम मिलकर साथ दिया। जिससे की कार्य करने में हमें काफी सहयोग मिला। सम्मानित करने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह, शुभम शर्मा, हर्षित सोनी, अतुल सराफ आदि थे।

## प्रतिनिधियों को अधिकार के बारे में दी जानकारी

हेरहंज-(लातेहार)(आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभागार भवन में पंचायती अधिनियमों और संवैधानिक अधिकारों को जोर पर बल देने की बात कही। स्थानीय, स्वालंब और समाज को मजबूत करने के लिए अनेक विस्तृत जानकारियां, पंचायती राज के सम्मेलन के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें अखिल भारतीय पंचायत परिषद सह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी रविवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कही। मौके पर प्रमुख पार्वती देवी,उप-प्रमुख विजय उरांव, सीआई मो0 अलीमुद्दीन, एसआई रूपलाल प्रसाद, हेरहंज पंचायत मुखिया प्रीति कुजूर,समेत सभी पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला समन्वयक कौशल कुमार।

# बीएस कॉलेज में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का मंत्री, सांसद ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के कर कमलों द्वारा विधायक निधि से निर्मित बीएस कॉलेज लोहरदगा में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पुस्तकालय भवन का निर्माण से जिले के युवाओं को लाभ मिलेगा और वे कॉलेज के पढ़ाई के साथ साथ झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा के और सभी तरह की तैयारियां पुस्तकालय भवन में मुफ्त कर सकेंगे। आने वाले कुछ समय में करीब 15 लाख रुपये की लागत की पुस्तक इस पुस्तकालय भवन में रखी जायेगी, जिसमें विद्यालय के पुस्तकों के साथ साथ जेपीएससी, आईआईटी, यूपीएससी, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई प्रतियोगिता परीक्षा का पुस्तक परीक्षार्थियों को मुफ्त में मिलेगा, जिससे गरीब तबके के युवा भी देश में होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होकर तैयारी कर सकेंगे। साहू ने कहा कि यह एक ऐसा स्थान है जहां पर जानकारी और ज्ञान हासिल करने के लिए हर प्रकार की किताबें उपलब्ध होंगी जिससे विद्यार्थियों को अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित हो सके, आर्थिक रूप से जो कमजोर होते हैं उनके पास किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं होते है वे हर प्रकार की किताबों को पढ़कर इसका लाभ उठा सकते हैं। मौके पर बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर शशि गुप्ता, रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, प्रोफेसर लोहरा उरांव, जिप सदस्य रूबी कुमारी, दोमना उरांव आदि उपस्थित थे।

## मंत्री ने ढाई करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया

लोहरदगा। रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत जुरिया तिगरा पथ (लालपुर) से अरकोसा तक 3.08 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह सड़क लागत 2 करोड़ 57 लाख लागत से तैयार होगी जो लालपुर से सेंबर टोली, पोढ़ा टोली अरकोसा ग्राम को जोड़ेगी। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह सड़क पूर्व में काफी जर्जर थी जिससे आवागमन बाधित होती थी और स्थानीय ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अब इस सड़क के निर्माण से आवागमन काफी सुगम हो जायेगा और व्यापार, आयात निर्यात को बढ़वा मिलेगा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी हर्ष है। इस सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य एक पंचायत से दूसरे पंचायत को जोड़ना है। जिससे सभी ग्रामों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके और आधारभूत संरचना का लाभ मिल सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, मुजम्मिल अंसारी, अंसारी, रविंदर खेरवार, पंकज तिवारी, अनिस खान, रौनक इकबाल, रफीक अंसारी, सुशीला मिंज, फारूक हुसैन, कमरूल इस्लाम, तारिक अनवर, वीरेंद्र उरांव, सुशील उरांव, वसंत उरांव, भिखु उरांव, मोबीन अंसारी, खुसबू उरांव मोसिब अंसारी, समीर उरांव आदि उपस्थित थे।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार का राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर आयोजित




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार लोहरदगा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल में किया गया। जिसमें 14 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपना योगदान दिया। प्रोफेसर गोविंद साहू ने बताया की रक्तदान करने से बहुत सारे शारीरिक लाभ है हृदय से जुड़ी कई बीमारियों से बचा जा सकता है प्रत्येक 6 महीना में रक्त डोनेट करने से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है और यह मानव कल्याण का सबसे बड़ा कार्य है। रक्तदाता में सौरभ केसरी, विजय सिंह गहलोत, रामनंदन नगेसिया, अनिल कुमार, सरिता देवी, विनय उरांव, आशुतोष कुमार, गुंजन अग्रवाल, विक्रम कुमार, जितेंद्र कुमार, अनुराग कुमार, देवेंद्र मंडल आदि लोगों ने रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग प्रदान किया। गायत्री परिवार लोहरदगा के सदस्य प्रोफेसर गोविंद साहू, पिंकी जयसवाल, निलेश कुमार गुप्ता, सतीश कुमार और अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीनगर में मजदूर की मौत के बाद घर पहुंचा शव



हेरहंज-(लातेहार)(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत रामखेलावन राणा (50) पिता स्व0 शिदर राणा ग्राम कसमार निवासी का शव शनिवार की रात में गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि रामखेलावन राणा निधन जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में शुक्रवार की अहले सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था। मृतक रामखेलावन का दो पुत्र व तीन पुत्री हैं। राहुल राणा, बबलू राणा, गुड़िया कुमारी,अश्मित कुमारी, बबली कुमारी जिनमे एक पुत्र और दो पुत्री की विवाह हो गया है। राहुल राणा ने बताया कि वे शुगर पेसेंट थे जो 20 दिन पूर्व हीं काम करने गए थे जहां अचानक उनकी तबियत खराब हो गई। जिसकी जानकारी मुझे जिनके घर काम करते थे उनके द्वारा जानकारी मिली आनन फानन में रांची से श्रीनगर गये और वहां से शव रात में लाये। कहा मैं ग्रामीणों और प्रशासन से शव को मंगवाने की अपील की थी। तब कुछ समाजसेवी द्वारा मुझे सहयोग दिया गया। वहीं प्रशासन के द्वारा भी काफी मदद की गयी।

# संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के विशेष कैंप के आयोजन के क्रम में गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-ईवीएम नोडल पदाधिकारी मंत्रिमंडल (निर्वाचन ) विभाग झारखंड रांची द्वारा 72 लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में मतदान केंद्र संख्या 270, 271 राजकीय महर्षि दयानंद उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शांति आश्रम (पूर्वी भाग और पश्चिमी भाग) मतदान केन्द्र संख्या 212,213 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कैमो लोहरदगा मतदान केन्द्र संख्या 203, 204 राजकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा मतदान केंद्र संख्या 205 प्राथमिक विद्यालय, हेंदलासो और मतदान केंद्र संख्या 198 199 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेसल का निरिक्षण किया गया। मतदान केंद्रों में उपस्थित बीएलओ और बीएलओ सुपरवाईजर से प्रपत्र 6,7,8 भरने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। मतदाता सूची में अंकित कुल मतदाताओं की संख्या और अनुभाग का मिलान किया गया। जिसमें मतदान केन्द्र संख्या 212 में त्रुटि पायी गयी। औचक निरीक्षण के क्रम में बीएलओ रजिस्टर में इंट्री के साथ-साथ मृत, स्थानांतरित मतदाताओं की भी जानकारी ली गयी। मतदान केंद्रों में एएमएफ के तहत रेम्प, शौचालय, पेयजल, बिजली की सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह - अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा, नारायण राम, एवं एचडीएम जसवंत राम, अरूण गाड़ी साथ में उपस्थित थे।

## झारखंड निर्वाचन आयोग की संयुक्त सचिव व एसडीएम ने बालूमाथ में समीक्षा बैठक की



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। झारखंड निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव गीता चौवे, लातेहार एसडीएम परवेज आलम ने आज लोक सभा चुनाव की तैयारियों और वोटर आईडी अपटूडेट को लेकर बालूमाथ में बीडीओ सोमा उरांव, बीएलओ के साथ प्रखंड कार्यालय सभागार मे समीक्षा बैठक की। बैठक में विशेष तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढाने और वोटर लिस्ट सहित विभिन्ना बिंदुओ पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान अगले वर्ष एक जनवरी को अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर चर्चा की गयी। चुनाव आयोग के दल ने मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त बनाने, दिवंगत हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान सभी योग्य मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने पर बल दिया गया। झारखण्ड आयोग के संयुक्त सचिव गीता चौवे, लातेहार एसडीएम सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकार परवेज आलम के ने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की लोकतंत्र और चुनाव में भागीदारी बढाने के लिए बालूमाथ बीडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सोमा उरांव को कदम उठाने को कहा। मौक पर बालूमाथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय, बाल विकास परियोजना के पर्वेक्षिका सह बीएलओ कामीनी कुमारी सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



बारियातू(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के बरछिया स्थित खेल मैदान में रविवार को युथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ। पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट और फुटबॉल को किक मार कर किया। इससे पुर्व आये सभी अतिथियों को युथ क्लब बरछिया के द्वारा बारी बारी से पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया। ठीक इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक ने कहा की हर एक को प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिस से तन मन दोनो का विकास होता है।वंही आयोजन कमिटी को मिठाई व सहयोग राशि देकर खेल को और अच्छे से खेलने एवं खेलाने को कहा। पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने कहा की फुटबॉल ही ऐसा खेल है जिससे पूरे शरीर को फिट रखता है। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने क्लब के समर्पित लोगो को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह से खेल का आयोजन होने से लोगो में एक खेल की भावना का विकाश होता है। जिससे मानसिक संतुल्लन बना रहता है। 03

## कुडू के बंदुआ गांव में वन अधिकार समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक



कुडू/लोहरदग्गा(आजाद सिपाही)। कुडू पंचायत के बड़की चापि ग्राम बंदुवा में परियोजना निदेशक आईटीडीए लोहरदगा के ज्ञापांक 1404 जिसमें 5/10/ 2023 के आलोक में तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू के ज्ञापांक 1210 / सा. दिनांक 6.10.2023 के निर्देश के आलोक में वन अधिकार अधिनियम 2006 और नियम 2008 के तहत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकार और भूमि अधिमोव हेतु वन अधिकार समितियां का पुनर्गठन पूर्व सूचना के आधार पर ग्राम प्रधान अंबिका भगत के अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक की गयी। जिसमें निम्न ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस मौके पर ग्राम प्रधान अंबिका भगत, बड़की चापि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, बंदुवा की वार्ड सदस्य गीता भगत, प्रदान संस्था के देवेंद्र कुमार, कृषक मित्र हरि गोप सहित ग्रामीण गणेश भगत, कृष्णा गोप, फुलदेव भगत, बालमकुंद गोप, कार्तिक भगत, अनुपम भगत, दिवाकर भगत, बुलकी देवी, अनु भगत, बालमनी भगत, गुलचा देवी, वासुदेव भगत सहित कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से अनु भगत को अध्यक्ष, दिवाकर भगत को सचिव और 13 सदस्य का चयन किया गया।

## प्याज के थोक दाम में 12 से 15 रुपये प्रति किलो की आयी कमी



बालूमाथ/रांची (आजाद सिपाही)। अचानक प्याज के दामों में गिरावट आ गयी। प्याज के थोक दाम में 12 से 15 रुपये प्रति किलो में कमी आयी है। राजधानी रांची की सबसे बड़ी मंडी पंडरा कृषि बाजार समिति में शुक्रवार को प्याज 35 रुपये किलो बिका। खुदरा प्याज बिक्री में भी कमी आने लगी है। प्याज की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने की खातिर केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों के बाद से यह असर बाजारों में दिखने लगा है। उम्मीद है कि कल से प्याज में 15 रुपये से ज्यादा की कमी आ जायेगी। जिसके चलते रांची के पंडरा बाजार में थोक में 48 रुपये प्रति किलो बिकने वाला प्याज आज 35 रुपये प्रति किलो बिकने लगा। पंडरा मंडी में कुल 400 टन प्याज में से 300 टन एनएएफईडी और एनसीसीएफ द्वारा भेजा गया है। अफगानिस्तान से भी रोज 100 से 150 टन प्याज अमृतसर की मंडी में पहुंच रहा है। थोक प्याज विक्रेता मदन प्रसाद ने बताया कि प्याज की कीमत बढ़ने से इसकी मांग भी कम हो गयी है। आम जनता को राहत देने के लिए भारत सरकार के उपक्रम एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ) ने राजधानी रांची के कई स्थानों पर सस्ते दर पर प्याज बेची। यहां प्याज 25 रुपये प्रति किलो की दर से बेची गयी। प्रति ग्राहक को दो किलो प्याज दिया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी के 15 नवंबर को खूंटी आगमन को लेकर बैठक

# ऐतिहासिक होगी पीएम मोदी की उलीहातू यात्रा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। भाजपा जिला कार्यालय सभागार में जिला कार्यसमिति की बैठक अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से अतिथि प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह और जिला प्रभारी मनोज मिश्रा उपस्थित हुए। बैठक की मुख्य विषय 15 नवंबर जनजातीय गौरव दिवस के दिन बिरसा मुंडा के पैत्रिक गांव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन और खूंटी स्टेडियम में संबोधन कार्यक्रम जिला से भागीदारी करने संबंधी परिचर्चा हुई। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के झारखंड के ही नहीं पूरे भारतवर्ष के गौरव है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति समाज देश ही नहीं विदेशों में भी मनाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को स्थापित किया। देश के प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा के जन्म स्थली पर उत्सव हमलोगों के साथ मनाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास झारखंड के जनता के प्यार आशीर्वाद से कार्यक्रम भव्य होगी। इसके निमित्त 8 नवम्बर को मंडल कार्यसमिति, और 9 से 13 नवंबर तक शक्ति केंद्र पर बैठक के निमित्त नियुक्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में होगी। बैठक का मुख्य संचालक महामंत्री बाल कृष्णा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार वर्मा ने की। मौके पर

जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक सधनू भगत, ओमप्रकाश सिंह, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, हर्ष नाथ महतो समेला भगत, नीरज, बालकृष्णा सिंह, सरोज सहित अन्य उपस्थित थे।

### 'हर घर नल जल' में भारी लापरवाही को लेकर की शिकायत

# भुसाढ़ के ग्रामीणों ने डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



चंदवा। चंदवा कामता पंचायत के ग्राम भुसाढ़ के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त के नाम कार्यालय को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें हर घर नल जल में घोर लापरवाही बरतने की शिकायत की है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम भुसाढ में हरघर नल जल योजना के तहत बोरिंग कर टावर खड़ा किया गया है लेकिन भुसाढ़ गांव के प्रेम उरांव के घर के समीप लगे टावर के पानी टंकी में एक बुंद पानी नहीं चढ़ रहा है। नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर टंकी में भी पानी नहीं चढ़ रहा है, इस दो टावर के कनेक्शन धारियों को एक बुंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। करीब एक दर्जन घरों में पानी का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है। घरों में नल तो दिया गया है लेकिन नल का निचे की जमीन में पक्का का फर्श अबतक नहीं बन पाई है। नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर की सीढ़ी को रस्सी के सहारे बांधकर छोड़ दिया गया है इससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। कनेक्शन की पाईप में जगह जगह पानी लिकेज हो रहा है। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार मिस्त्री से कहा गया लेकिन अबतक इसे ठीक नहीं कराया गया है। ज्ञापन में भुसाढ़ में हरघर नल जल योजना के अधुरे कार्यों को ठीक कराने की अनुरोध की गई है।ज्ञापन में वार्ड सदस्य सुमंत उरांव, तेज कुमार पन्ना, बैजनाथ ठाकुर, सीमा देवी, जतरी देवी, द्वारीका ठाकुर, पीटर एक्का, सुरज देव उरांव, सुनील गंझु, दिनेश कुमार, बनारसी साव, अनिल गंझु, पुनम देवी, सुकरी देवी, दिपा देवी समेत कई लोगों के हस्ताक्षर है।

इधर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा है कि हर घर नल जल के संवेदक बेलगाम हो गया हैं, संवेदकों का काम धरातल पर जैसे तैसे हो रहा, संवेदक का कोई अता पता ही नहीं चलता है, घटिया काम हो रहा है।

## पहले मैच में शेरशाह वारियर्स ने फेयरलेस फाइटर को 4 विकेट से हराया



लातेहार(आजाद सिपाही) । लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग बी ग्रुप का पहला मैच शेरशाह वारियर्स तथा फेयरलेस फाइटर के बीच खेला गया। जहां फेयरलेश फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 150रन पर ही सिमट गयी। जिसमें सचिन कुमार 48, इमदाद अंसारी 28 तथा लवकुश कुमार ने 19 रन का योगदान दिया। शेरशाह वारियर्स की ओर से आकाश साहू 3, विजय रोहित 2 तथा अर्णव सिंह ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी शेरशाह वारियर्स ने 25 वे ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमे विजय रोहित 39, रौशन कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। फेयरलैश फाइटर की ओर से अंकित कुमार ने 3विकेट चटकाए । मैच के अंपायर आनंद सिंह तथा नितिश कुमार थे जबकि स्कोरिंग शिवांश सिंह राठौर ने किया। वहीं मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह वारियर्स के विजय रोहित को जेएससीए अंपायर सह एलडीसीए सदस्य जितेंद्र कुमार के द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

# युवक को पीठ में मारी गोली, रिम्स रेफर

घायल को रिम्स ले जाने के लिए अस्पताल द्वारा एंबुलेंस मुहैय्या नही कराया गया। घायल चीखता चिल्लाता रहा।



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो डुमरला गांव में रविवार को दिनदहाड़े एक पड़ोसी ने चार अज्ञात हथियारबंद अपराधियो के साथ मिलकर 30 वर्षीय कुश कुमार महतो पिता उदित महतो को गोली मार दी। यह घटना अपराह्न 4 बजे की है। गोली कुश के पीठ में लगी है। गंभीर अवस्था मे परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मगर घायल को रिम्स ले जाने के लिए अस्पताल द्वारा एंबुलेंस मुहैय्या नही कराया गया। घायल चीखता चिल्लाता रहा। मगर किसी ने भी त्वरित एम्बुलेंस दिलाने की कोई पहल नही की। मौके पर मौजूद उसकी पत्नी खुशबू देवी भी एंबुलेंस के लिए रोती गिड़गिड़ाती रही। मगर अस्पताल के डॉक्टर, नर्स, कर्मी किसी ने भी एम्बुलेंस दिलाने की दिशा में कोई पहल नही की। मौके पर मौजूद एक पुलिस पदाधिकारी 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल लगाते रहे।मगर 108 एंबुलेंस सेवा कोल सेंटर के कर्मी एंबुलेंस नही होने की बात कहते हुए सिर्फ क्षमा मांगते रहे। इधर घटना के बावत बताया जाता है कि रविवार को अपराह्न लगभग 4 बजे कुश डुमरला स्थित अपने घर मे था। साथ ही उसके जेब मे 65 हजार रुपये था। उक्त रुपया वह कर्ज चुकता करने के लिए अपने पास रखा हुआ था। तभी इसी बीच उसका पड़ोसी जितराई उरांव उसके घर पहुंचा। साथ ही उसे कुछ बात करने की बात कहकर घर से बाहर बुलाया। इधर जितराई चार हथियार बंद अपराधियो को पहले से कुश के घर के बाहर घात लगवाकर बैठाया हुआ था। फिर कुश जैसे ही बाहर निकला। जीतराई समेत चारो अज्ञात अपराधी उसे बात करते हुए घर के आगे ले जाने लगे। इसके बाद बात कर जैसे ही वह घर लौटने के लिए वापस मुड़ा। तभी जीतराई ने पीछे से कुश के पीठ में गोली मार दी। गोली लगते ही कुश चिल्लाते हुए घर की ओर भाग खड़ा हुआ। इधर गोली मारने के बाद जीतराई व उसके चारों अज्ञात साथी मौके से भाग निकले। इसके बाद कुश को उसके परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में घायल अवस्था मे कुश ने बताया कि वह गांव में रहकर खेती बारी करता है। डेढ़ वर्ष पूर्व उसका विवाह खुशबू देवी के साथ हुआ था। उसका ससुराल भरनो प्रखंड के तुरी अम्बा है। एक माह पूर्व सदर अस्पताल में उसका एक बच्चा जन्म लिया था। मगर जन्म लेने के बाद उसका स्वास्थ्य ठीक नही था। डॉक्टरो ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया था। मगर वे लोग उस समय बच्चे को रानी चिल्ड्रन अस्पताल ले गये थे। बच्चे के इलाज में काफी रुपये की जरूरत थी। जिसके कारण ससुराल से साढ़े चार लाख रुपया कर्ज लिया था। उसी कर्ज को चुकता करने के लिए वह 65 हजार कमा कर व इधर उधर से जुगाड़ कर ससुराल पहुंचाने के लिए पकड़ा हुआ था। मगर उसे गोली मारने वाला आरोपी जीतराई बात करने के लिए बाहर बुलाने के बाद उक्त रुपये को ही लूटने के लिए उसे गोली मार दिया। साथ ही रुपया लूट लिया। कुश ने यह भी बताया कि पूर्व में उसका जीतराई के साथ भी विवाद हुआ था। इस विवाद के दौरान वह उसके साथ मारपीट किया था। मारपीट के मामले के मामले में वह चार साल पूर्व जेल गया था। जेल जाने के समय भी जीतराई ने उसे जेल से निकलने के बाद गोली मार देने की धमकी दिया था।और आज उसने गोली मार दी। कुश ने कहा कि उसे गोली मारने के दौरान जीतराई के साथ रहे चारो युवक बरटोली गांव के हैं। वह चेहरा देखने से सभी को पहचान लेगा। चारो बाइक से पहुंचे थे। मगर बाइक को दूर रखकर वे मेरे पास पैदल आए थे।

# सूर्योदय शांति सौमित्री सम्मेलन में गुमला के अभिजीत और ताशा हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सूर्योदय लिटरेरी फाउंडेशन द्वारा गीता गोविंद सदन भुवनेश्वर में आयोजित सूर्योदय शांति सौमित्री सम्मेलन में डीएवी गुमला के शिक्षक अभिजीत झा और कक्षा दशम की छात्रा ताशा झा शामिल हुई। इस कार्यक्रम में पद्मश्री देवी प्रसन्न पटनायक साहित्य एकेडमी विजेता राजेंद्र किशोर पांडा नेहा भंडारकर सहित कई प्रतिष्ठित कवि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ताशा सबसे कम उम्र की कवयित्री के रूप में वी आर इंडियन गर्ल्स कविता सुनाई तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ताशा को सूर्योदय लिटरेरी फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अभिजीत झा ने विश्व शांति और भाईचारे के लिए साहित्य का योगदान विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंसा चाहे किसी भी रूप में हो -चाहे वह मानसिक और शारीरिक हो या वाचिक, किसी भी कारण से हो- स्वार्थ के लिए, प्रतिस्पर्धा के लिए, सुरक्षा के लिए-हर स्थिति में यह हमारे मस्तिष्क में चल रहे विचारों का ही प्रतिबिंब है। लेकिन जब हम दिल से सोचते हैं तो सिर्फ प्यार और शांति की बात सोचते हैं और एक साहित्यकार दिल से ही सोचता है। साहित्य हमारी भावनाओं की हमारे जज्बातों की अभिव्यक्ति है और इसलिए विश्व शांति और सौहार्द की स्थापना में साहित्य का योगदान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। झा को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए एसएलएफ प्रेसिडेंट प्रशांत कुमार सेठी, वाइस प्रेसिडेंट जाह्नवी चौधरी, संस्थापक सह सेक्रेटरी मनोज कुमार पांडा और असिस्टेंट सेक्रेटरी श्रोतस्विनी परिधा को धन्यवाद दिया है।

## कलयुगी पुत्र ने 60 वर्षीय वृद्ध पिता की डंडे से मार कर हत्या कर दी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के अंकुरी ढाड़ टोली निवासी बोलवा उरांव 60 का सागा बेटा शर्मा उरांव 45 वर्ष वर्षीय ने डंडे से पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। घटना रविवार दोपहर 2:30 बजे की है बताया जाता है कि बोलवा उरांव घर के सामने स्थित बारी में लगे मकई की फसल को छील रहा था। तभी अचानक सागा बेटा शर्मा बास का लाठी लेकर आ धमका और अपने पिता पर जोरदार वार कर दिया जिससे उसके पिता जमीन पर गिर गए। कुछ प्रत्यक्षदर्शी बच्चों ने बताया कि हम लोगों के सामने अपने पिता को शर्मा पीट रहा था हम लोग डर के कारण सामने नहीं गए। जब उसके पिता जमीन पर गिर गए तो वह भाग निकला। जिसके उपरांत हम लोग सहीया की मदद से ममता वाहन बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना थाना प्रभारी को दी गयी। जिसके उपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ने आरोपी पुत्र को धर से दबोचा है।

## बिरसा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स अकादमी में सम्मान समारोह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एलआईसी बिल्डिंग के समीप माहेश्वरी टावर में रविवार को बिरसा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकाडमी गुमला के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची में संपन्न हुए नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वरी देवी, सौम्या काबरा, वार्डन पूनम सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। खेलगांव रांची में संपन्न हुए नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 42 मेडल अपने नाम किए थे, सभी खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। मौके पर कोच बालमुनि, अर्पिता भट्टाचार्य सहित अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ की बैठक संपन्न



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सैनिक भवन में रविवार को कैप्टन लोहरा उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ का मासिक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में भुतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों की समस्याओं पर चर्चा किया गया वहीं सर्वसम्मति से एक दिसम्बर को वीर शहीद लोहरा उरांव के शहादत दिवस पर थाना रोड स्थित उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कैप्टन लोहरा उरांव ने कहा हम सभी भुतपूर्व सैनिक व वीर नारियां एक परिवार की तरह है। जिस तरह से परिवार की समस्या मिलकर परिवार में सुलझाई जाती है उसी तरह से संघ में भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवार की समस्या सुनी और सुलझाई जाती है। उन्होंने पेंशन में रुकावट न हो इसके लिए सभी से समय और अपने बैंको में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सलाह दिया। साथ ही सभी से संघ की मासिक बैठक में समय निकालकर उपस्थित होने की अपील किया।

# पीएम के खूंटी आगमन पर गुमला से शामिल होंगे पांच हजार कार्यकर्ता

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित हुए।



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य स्थापना और बिरसा मुंडा जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी के खूंटी आगमन पर गुमला जिले से लगभग 5 हजार कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त बातें बताते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी की अध्यक्षता में भाजपा गुमला जिला की कार्य समिति बैठक पालकोट रोड उत्कल भवन में आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित हुए। देश की मिट्टी एक साथ मिल रही है। गुमला जिला से भी सभी मंडलो से अमृत कलश वाटिका में मिट्टी अर्पित की गयी है, इसके लिए पूरी भाजपा जिला कमेटी बधाई के पात्र हैं। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा आगामी 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस पर पीएम मोदी भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने खुंटी आ रहे हैं। जनजातीय समाज-झारखंड वासियों के लिए प्रेम आदर मोदी के व्यक्तित्व में दिखता है! जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने कहा आगामी 15 नवंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके लिए सभी मंडलों में छोटी बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। गुमला भाजपा के कार्यकर्ता भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने देश के प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिशिर कुजूर धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह ने किया**

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा, भूपन साहु, भिखारी भगत, विजय मिश्रा, अशोक उराव, मंगल सिंह भोक्ता, प्रदीप प्रसाद, यशवंत सिंह, बसंती कुमारी, लालमोहन साहू, निर्मल गोयल, अरूंजय सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, सुजीत नंदा, शमीम खान, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, संजय वर्मा राजकुमार दीनबंधु, सोनमणि उरांव, शंभू सिंह, संतोष सिंह दिनेश्वर प्रसाद, रविंद्र सिन्हा, राम अवतार भगत, बालकेश्वर सिंह, केदार साहू, विनोद भगत, विजय सिंह पिंटू, लक्ष्मी नारायण यादव, गोपाल गोप, प्रेम कुमार सिंह, मनोहर बड़ाईक, दिनेश सिंह, रविंद्र राम मनोहर राय, निसार खान, प्रवीण उरांव आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के शासन में भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल, गुमला के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। आगामी 7 नवंबर को रांची के राजभवन के समक्ष होनेवाली जन पुकार सभा के लिए गुमला स्थित कचहरी परिसर में दल की महिला नेत्री पुष्पा उरांव कीअध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के शासन में भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में जुमलेबाजी करने में व्यस्त हैं। सिंह ने भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर रोक तथा स्थानीय व नियोजन नीति अविलंब बनाने, महिला मंडल की मांगे, किसानों व मजदूर तथा ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित सभा में सैकड़ो की संख्या में गुमला जिला से चलने की अपील भी की है। बैठक में गुमला जिला में दीपावली पर्व के बाद जन समस्याओं को लेकर आंदोलन को तेज करने के अलावे दल को हर स्तर पर मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये हैं। बैठक में प्रकाश उरांव, शंकर उरांव, सोमरा खड़िया, गोपेश्वर गोप, अमित कुजूर, मंगरा उरांव, मनीष उरांव, मनजीत उरांव, प्रणामी साहू, बुद्धेश्वर, संदीप खड़िया, जोबला उरांव, कुसमा मिंज, मालती देवी, राजकुमारी, सोनाली, प्रमिला उरांव, मुन्नी देवी, मालती देवी के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खेल मैदान निर्माण कार्य में लापरवाही बरते जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** खेल विभाग गुमला द्वारा बदरी खेल मैदान का हो रहे निर्माण कार्य में विभाग के ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। इस संबंध में रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 17 नवंबर को कार्तिक उरांव जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आना तय हुआ है। बावजूद खेल विभाग की ओर से कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा उक्त खेल मैदान बनाने में लापरवाही बरती जा रही है। कार्य अधूरा ही कर-के छोड़ दिया है। आगामी 6 नवंबर से उक्त मैच की शुरूआत है और अब तक कार्य अधूरा पड़ा है, जिसे लेकर ग्रामीण में काफी आक्रोश भी है ग्रामीण खुद से श्रमदान कर खेल मैदान बनाने में लगे है और मैदान को भी बना रहे है। वही ग्रामीणों ने खेल विभाग से जल्द से जल्द काम को करवाने की मांग की।

# शांति प्लाइवुड एंड हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के महावीर चौक स्थित एम एस शांति प्लाईवुड एंड हार्डवेयर दुकान का पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा सचिन बबलू वर्मा रविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, अमित महेश्वरी, सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन किया । प्रतिष्ठान के संचालक दामोदर कसेरा ने बताया हमारे प्रतिष्ठान में गृह निर्माण की सभी सामग्रियां उचित मूल्य पर उपलब्ध है। वही बताया कि आधुनिक मॉडलमें गृह निर्माण की आकर्षक सामग्रियां मंगाई गयी है जो गुमला के लोगों के लिए नया है। यहां विशेष प्रकार के आकर्षण सामग्री का इस्तेमाल लोग घरों में कर सकेंगे। उन्होंने आगामी पर्व को लेकर जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मिसिर कुजूर, पदम साबू, पवन अग्रवाल, हंदू भगत, हरिशंकर त्रिपाठी, बंसी प्रसाद कसेरा, भूपन साहू, कौशलेंद्र जमुहार, पूर्व चेंबर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, ब्रिज फोगला, गोवर्धन साहू, संजीव उर्वशी, दीपक अग्रवाल, विनोद केसरी, सरजू प्रसाद, प्रेम कुमार, हर्ष कसेरा, निहाल कसेरा, शुभम कसेरा, अजय कसेरा, उत्तम साहू, लक्ष्मी बडाइक, विनोद कुमार, गुन्नू शर्मा, मनोज अग्रवाल, चितरंजन मिश्रा, विजय मिश्रा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## फसल कटाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत जतरगड़ी गांव मे कोरटेवा एग्रीसाइंस सीड लिमिटेड द्वारा फसल कटाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमे पायोनियर 27ढ37 और अन्य धान को काट कर वजन किया गया जिसमे पायोनियर धान की उपज अन्य धान से अधिक थी! कंपनी के मैनेजर इरशाद अंसारी, एमडीआर खुर्शीद उस्मान खान ने किसानो को दो नंबर जमीन मे 27P37 धान की खेती कर अपनी आमदनी को दुगुनी करने के लिए किसानो को प्रेरित किया! मौके पर किसान मित्र सुलोचन उरांव, सहित सेकड़ो किसान उपस्थित थे।

## सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हापामुनि महुवा टोली में आदिवासी सत्य प्राकृतिक सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन रविवार को पिंकी उरांव के अध्यक्षता हुवी। जिसमें मुख्य अतिथि धर्म गुरु चितरंजन उरांव, अतिथि उप मुखिया अजित मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत मौजूद रहे। इस दौरान सरना झंडा गाड़ी किया गया। गांव की तीन बच्ची पिंकी उरांव, मीना उरांव व असारी उरांव पिछले 9 दिनों से मां सरना की उपवास कर पूजा अर्चना कर रहे थे। जिसके बाद रविवार को धर्म गुरु चितरंजन जरांव के द्वारा पानी पिला कर उपवास तोड़ा गया। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहां की हम प्राकृतिक का उपासना करते हैं प्रार्थना करने से शांति मिलती है। इस मौके पर मुख्य रूप से आदित्य भगत, अजितमणि पाठक, संजेश उरांव, सूगा उरांव, सुख उरांव, अनीता उरांव, प्रेमचंद, सावित्री व पिंकी सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिला हत्याकांड में अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लौवाकेरा चरकाटंगर में 3 नवंबर को अमृता देवी की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में मृतक के पति इंदर लोहरा ने हत्या में कपिल लोहरा उर्फ पांडु लोहरा पिता लालकु लोहरा ग्राम मुरुमकेला ठाकुरटोली थाना कामडारा को नामजद अभियुक्त बनाया था। इस संबंध में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अभियुक्त कपिल लोहरा उर्फ पांडु लोहरा बिगत 4 वर्षो से लौवाकेरा चारकाटागर में भूषण लोहरा के घर मे रहकर ट्रैक्टर चलता था। इसी बीच मृतिका से हमेशा किसी बात को लेकर गली गलौज होते रहता था। इस घटना के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। 4 नवंबर को सूचना मिली कि अभियुक्त अपने मालिक के घर आया है। इसके बाद एक छापामारी दल का गठन किया गया। और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही पुलिस ने खून लगा पत्थर घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहना हुआ खून लगा शर्ट और खून लगा टाउजर को जप्त किया है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का नहीं मिल रहा है गरीबों को लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** गरीबी मिटाने व गरीबों के विकास और उत्थान के लिए समय-समय पर राज्य व केन्द्र सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जाती है। किन्तु आज भी कई ऐसे गरीब परिवार हैं जिन तक एक भी गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच सका है। और वे गुरबत में अपनी जीवन बिताने को मजबूर हैं। एक ऐसा ही गरीबी व लाचारी में जीवन बसर करने वाला भूमिहीन हरिजन (अ.ज.जा.) परिवार बरगांव दक्षिणी पंचायत के पतिटोली गांव में निवास करता है। जिन्हें सरकारी मदद की सख्त आवश्यकता है। परिवार का मुखिया अर्जुन मलार बताता है कि परिवार में छोटे बड़े मिलाकर कुल 39 सदस्य है। परिवार के पास एक इंच अपनी जमीन नहीं है। पुस्तैनी गांव रेड़वा लावागाई है। पूर्वज 50-55 साल पहले जमीन बेचकर उस गांव को छोड़कर इस गांव में आकर बस गये थे। पहले हमलोग अल्युमिनियम का पैइला, ढिबरी, घुंघरू आदि बनाकर बाजार-हाट में बेच जीविका चलाते थे। अब यह धंधा बन्द हो गया। मजदूरी ही गुजारा का एक मात्र साधन है। मेरे पिता दशरथ मलार के आग्रह पर गांव के वकील साहु व धनेश्वर साहु ने अपनी रैयती जमीन पर रहने की इजाजत दी थी, उसी जमीन पर अब भी कच्चे मिटी का घर बनाकर सभी उसी में रहते आ रहे हैं। वर्तमान में रैयत के द्वारा जमीन खाली करने के लिए कहा जा रहा है। परिवार में 18 साल से नीचे के 27 बच्चे है, कुछ बच्चें गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ मजदूरी का काम करते हैं वहीं कुछ बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। जिनका भविष्य भी अंधकारमय दिख रहा है। परिवार में सहबईत देवी के नाम से एक राशन कार्ड बना था जिसमे कुल छह सदस्य का नाम दर्ज था। किंतु अक्टूबर 2022 को अचानक उक्त कार्ड से भी राशन मिलना बंद हो गया। राशन कार्ड और आवास के लिए अनेकों बार आवेदन दिया गया है पर अब तक कोई लाभ नहीं मिला है।

पंचायत की मुखिया शोभा देवी ने कहा कि परिवार की स्थिति दयनीय है। भूमिहीन व आवास सूची में नाम नहीं होने के कारण आवास का लाभ नहीं दिया जा सका है। परिवार में पांच अलग अलग राशन-कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया था। जिसमें एक के नाम पर सात सदस्यों का राशन कार्ड बना है, बाकी लोगों में किसी का राशनकार्ड नहीं बना है।

मलार परिवार के संबंध में जानकारी देकर बीडीओ रमेश कुमार यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की परिवार से मिलकर उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जायेगा।

## सौगातः मुरमुसी में हुआ सुपर एक्वा फिल्टर वाटर प्लांट का उद्घाटन

# प्लांट लगने से सस्ती कीमत पर मिलेगा शुद्ध जलःचंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू)।** पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित मुरमुसी में विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, प्रथम महापौर अरुण शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह प्रफुल्ल सिंह ने रविवार को सुपर एक्वा फिल्टर वाटर प्लांट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इससे पूर्व संचालक राजू कुमार गुप्ता एवं अंकित प्रताप देव ने अतिथियों को बुके व शाल देकर स्वागत किया।



विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का स्वागत करते अन्य गणमान्य लोग।

अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने बिट्टू सिंह ने कहा कि यह प्लांट लगने से स्थानीय लोगों को सस्ती दर पर शुद्ध जल मिलेगा। साथ ही पलामू प्रमंडल सहित चतरा तक इसका कारोबार किया जा सकता है। वर्तमान में शादी-विवाह सहित कई आयोजनों में भी बोतल बंद पानी की मांग है। शुद्ध पानी की मांग बढ़ रही है। यह प्लांट लगने से कई लोगों को रोजगार मुहैया होगा। वहीं, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि इस प्लांट की स्थापना से आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संचालक को इस कार्य में दिनों दिन प्रगति करने की शुभकामनाएं दी। वहीं, संचालक ने कहा कि घर घर तक शुद्ध जल पिलाना हमारा लक्ष्य है। किसी भी आयोजन में हम सस्ते दर पर शुद्ध पानी आपके घर तक पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर मेदिनीनगर के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह, दिलीप सिंह नामधारी, विनय सिंह, संदीप कुमार साहू, अधिवक्ता हरिनंदन सिंह, राकेश प्रताप देव, साकेत प्रताप देव, एसपी प्रताप देव, अनिल श्रीवास्तव, शशि सिंह नीतीश कुमार, आनंद कुमार, पिंटू कुमार, विनोद कुमार, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## होटल में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करने पर की जायेगी कानूनी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** वरिय पदाधिकारी के निर्देश पर रविवार को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने हरिहरगंज शहर के करीब एक दर्जन होटलों की जांच की और संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग करने का निर्देश दिया। एमओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि शहर के कई होटलों में घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है, जो सही नहीं है। इस दौरान शहर के एनएच 98 के किनारे संचालित होटल एवं बाजार क्षेत्र के होटलों में जांच किया गया और होटल संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग करने की चेतावनी दी गई। उन्होंने बताया कि कई होटलों में घरेलू सिलेंडर उपयोग होने की सूचना मिली थी।



सूचना के बाद करीब एक दर्जन से अधिक होटल में जांच कि गई एवं संचालकों को घरेलू सिलेंडर उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई है। इसके बाद भी होटलों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया गया तो होटल संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने बताया कि जांच आगे भी जारी रहेगी।

## ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत : रोशन लाल



स्व भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में आयोजित स्व भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं, फाइनल मैच का उद्घाटन अतिथियों ने स्व भोला साव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच केएफसी कुसुमटोला बनाम लाल बादशाह चुंद की टीम के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही और गोल नहीं होने के बाद निर्णायक द्वारा पेनाल्टी शूट कराया गया, जिसमें पेनाल्टी शूट में केएफसी कुसुमटोला ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 50 हजार रुपए नगद और ट्रॉफी एंव विजेता टीम को 30 हजार रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी पांच-पांच हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत है, जिससे उनको बड़ा मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ी को हर संभव मदद किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर आजसु नेता नागेश्वर महतो, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, बिनोद सिंह, शमशेर खान, गणेश भुइयां, अर्जुन महतो, रमेश महतो, अभय सिंह, गिरजा प्रसाद, रविंद्र सिंह, गीता एक्का, पिंकी सिंह, दामोदर महतो, गणेश महतो, नरेश महतो, जगदीश महतो, हिरण देवी सहित कई लोग मौजूद थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सुनील प्रसाद, दीपक महतो, लखनलाल महतो, सेवा उरांव, मनोज कुमार, ब्रहमदेव, नरेश राउत, सुरैश महतो, रामकुमार भुईयां, मुकेश कुमार, पप्पू सोनी सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नप के पूर्व उपाध्यक्ष से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू शाखा के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार दूबे के नेतृत्व में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों ने रविवार को संगठन के संरक्षक मनोज सिंह पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद मेदिनीनगर से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान जिले के शिक्षकों एवं शिक्षा संबंधी बातों पर चर्चा की गई। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों को आस्वस्थ किया कि मेरे लिए शिक्षक हित एवं शिक्षा हित सर्वोपरि होगा। जिले का कोई भी शिक्षक किसी भी समस्या पर कभी भी उनसे मिल सकता है। उनकी पूरी कोशिश होगी कि समस्या का समाधान हो। वर्ष 2019 में नियुक्त शिक्षकों के



सेवा संपुष्टि पर उन्होंने कहा कि सेवा संपोष्टि के लिए पलामू डीसी से बात करेंगे। नव नियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान यथाशीघ्र हो इसके लिए भी जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात की जाएगी। आज के कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष भीमराव, जिला सचिव आलोक कुमार तिवारी,जिला कोषाध्यक्ष ब्रिजहारी, उपाध्यक्ष साकेत कुमार शुक्ला,संगठन सचिव संतोष कुमार, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार सिंह, मुकुंद सिंह, मो रिजवान, रघुनंदन तिवारी, अभिषेक कुमार दुबे आदि सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## विधिक सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नालसा व झालसा के निर्देश पर तीन से 9 नवंबर तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जेल में जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को लीगल सर्विसेज डे के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में



सबसे अच्छा काम करने वाले तीन पैनल अधिवक्ता व दो पीएलभी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 100 दिवसीय जागरूकता कैम्पेन का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। एक दीवानी, एक आपराधिक व एक मेट्रोमोनियल के मामले में बेहतर व अच्छा कार्य करने वाले अधिवक्ता को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गरीबों को मुफ्त विधिक सेवा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। कोई भी गरीब न्याय से वंचित नहीं रहे इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह का समस्या होने पर लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं।

## पंच सरोवर पार्क छठ पूजा समिति की बैठक, भोला विश्वकर्मा बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के पंच मंदिर सरोवर पार्क परिसर में छठ पूजा समिति व मुहल्लावासियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव और संचालन मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। बैठक में इस वर्ष भी पंच मंदिर सरोवर तट पर छठव्रतियों की हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की सहमति बनी। शांति पूर्ण संचालन के लिये छठ पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ भोला विश्वकर्मा को अध्यक्ष, विनय कुमार सिंह यादव, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, सुरेश ठाकुर, रामजन्म सिंह, अरविंद सिंह, रविंद्र चौधरी, सुधीर राम, अखिलेश मेहता, अजय सिंह को संरक्षक, निरंजन प्रसाद, अखिलेश पासवान, पवन चौधरी को उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव को सचिव, विजय कुमार यादव, संजय गुप्ता, अशोक



बैठक में शामिल पूर्व विधायक व कमेटी के लोग।

विश्वकर्मा को उप सचिव, वीरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश विश्वकर्मा को उप कोषाध्यक्ष, शंकर साव, रविकांत सिंह, शशिकांत ड्रेसेज, दीपक शर्मा, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक सिंह को अंकेक्षक, राजेश कुमार, शैलेश कुमार, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र को मीडिया प्रभारी, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, चंद्रदेव राजवंशी, लोहा सिंह को अखंड प्रभारी, राजेश्वर सिंह को स्वागताध्यक्ष के अलावा राजू पासवान, लालदीप साव, राजू चौधरी, अजित कुमार, रिंकु यादव, अर्जुन यादव, लालमोहन, संतोष यादव, शैलेंद्र कुमार सिंह,सुरेंद्र कुमार आदि को धन संग्रह विभाग सह सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कमेटी के लोगों को बधाई देते हुए लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांति पूर्ण ढंग से संचालित करने की बात कही। वहीं, कमेटी अध्यक्ष भोला विश्वकर्मा ने बताया कि छठ घाट की विशेष रंगरोगन, लाइट समेत छठव्रतियों के लिये जरूरी सुविधाओं के लिये कमेटी सक्रिय रहेगा।

## विश्रामपुर छठ पूजा महासमिति गठित, राजेश मार्शल बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** नप मुख्यालय स्थित शिव घाट पर विश्रामपुर सेवा भारती की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवा भारती के अध्यक्ष विजय पांडेय व संचालन युवा समाजसेवी संतोष कुमार केशरी ने किया। बैठक में छठ महापर्व पर चर्चा हुई और पूजा के सफल आयोजन और संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश मार्शल को अध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं राकेश केशरी, विनोद विश्वकर्मा व संतोष केशरी को उपाध्यक्ष, कमलेश प्रसाद गुप्ता व



शिव प्रसाद सोनी को कोषाध्यक्ष और जयंत चौहान को सचिव बनाया गया। इसके अलावा ग्यारह सदस्यीय कार्यकारणी भी गठित किया गया। विजय पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर सेवा भारती के बैनर तले नवगठित महासमिति पूरी आस्था के साथ छठ महापर्व पर कार्य करेगी। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बताया कि महासमिति विश्रामपुर और आसपास के सभी पूजा समितियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर हर घाटों पर कुछ अलग और बेहतर करने का प्रयास करेगा। व्रतियों को व्यापक व्यवस्था उपलब्ध कराने में छठ पूजा समितियों को हर संभव सहयोग करेगा।

## स्पोर्ट्स



प्रतिज्ञा संस्था की ओर से ररिवार से मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे सीजन का आगाज हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिसका फाइनल मुकाबला 17 दिसंबर को खेला जाना है।

## प्रतिज्ञा संस्था के बैनर तले मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे सीजन का हुआ आगाज

# महिला बजरंगी क्लब को 2-1 के हराकर विजेता बनी अहिंसा की टीम

### माताओं को खेल से जोड़कर प्रतिज्ञा ने महिला सशक्तिकरण के लिए किया बेहतरीन प्रयास : सनाउइल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिज्ञा संस्था की ओर से रविवार से मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे सीजन का आगाज हुआ, जिसमें एक के बाद एक तीन मैच खेले गये। उद्घाटन समारोह में जगन्नाथपुर, मौसीबाड़ी, बड़झोपड़ी, लटमा आदि से छह टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कैनरा बैंक के चीफ मैनेजर सनाउल हक और प्रीतम मालवीय, सेल के सीएसआर एजीएम जयप्रकाश, कैनरा बैंक के सीनियर मैनेजर प्रबोध कुमार,





मैनेजर सलोनी कुमारी और विजय कुमार और रांची विश्वविद्यालय से ममता जी मौजूद थी। सनाउल ने टूर्नामेंट को एक अनोखा पहल बताते हुए कहा कि ऐसी माताओं को खेल से जोड़कर प्रतिज्ञा ने महिला सशक्तिकरण के लिए एक बेहतरीन प्रयास किया है। कैनरा बैंक के प्रयासों और पहलों के बारे में बताते हुए उन्होंने महिलाओं को आजीविका से जोड़ने की काफी सारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चियों को शिक्षा में कैसे बैंक मदद करती है ये भी सबके साथ साझा किया। कैनरा बैंक ने इस टूर्नामेंट में सभी टीमों को जर्सी मुहैय्या करवाई है। वहीं, जयप्रकाश ने भी इस टूर्नामेंट को संस्था का एक ऐसा प्रयास बताया जो न सिर्फ इन माताओं को खेलने का मौका दे रहा है, बल्कि उन्हें शारीरिक रूप से और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में भी मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे एक मां को सशक्त कर-के पूरे परिवार को सशक्त बनाया जा सकता है, इसका उदाहरण यह टूर्नामेंट है जहां खेल के साथ ही कुछ कार्य करने की भी प्रेरणा संस्था दे रही है। बतातें चलें कि टूर्नामेंट का अगले चार मैच 11 नवंबर को तुमना, कर्रा, खूंटी में 8 माताओं की टीम के बीच होना है। इस बार यह टूर्नामेंट 32 टीमों के बीच खेली जाएंगी जिसका फाइनल मैच 17 दिसंबर को होगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी टूर्नामेंट को खेलने वाली माताओं को कुछ कार्य करने होंगे जिसमें इस वर्ष का विषय *यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकार* रखा गया है। मौके पर प्रतिज्ञा टीम के सदस्य, वालंटियर्स, इन्टर्नस और सामुदायिक साथी भी मौजूद रहे।

### मैच का परिणाम

**प्रथम मैच :** अहिंसा टीम, जगन्नाथपुर बनाम महिला बजरंगी क्लब, गोलचक्कर मौसीबाड़ी (अहिंसा टीम ने मैच 2-1 से जीत लिया)
**वुमन ऑफ द मैच :** शिल्पा कुजूर (अहिंसा टीम)
**द्वितीय मैच :** जन ज्योति, लटमा बनाम न्यू प्रयास महिला क्लब, जगन्नाथपुर (न्यू प्रयास ने मैच को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत लिया)
**वुमन ऑफ द मैच :** अंजलि तांबा (जन ज्योति)
**तृतीय मैच :** महिला विकास क्लब, बड़झोपड़ी बनाम न्यू कार्तिक उरावं महिला टीम (कार्तिक उरावं महिला टीम ने मैच 1-0 से जीत लिया)

## कर्नल कप टूर्नामेंट को लेकर सभी टीमों के कप्तानों के साथ कोर कमेटी की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 23 नवंबर से शुरू हो रही कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नामांकित टीमों के कप्तानों के साथ रविवार को कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद सिंह ने किया। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि टूर्नामेंट को शांति व सूचारू रूप से संपन्न किया जाएगा। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों के साथ क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कपूरी ठाकुर मैदान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का टूर्नामेंट भव्य और शानदार होगा। कर्नल कप टूर्नामेंट का नतीजा है कि आज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हर गांव के बच्चे फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। बैठक में स्पोर्ट्स क्लब से जय कुश सिंह, भर्दुल सिंह, लालकेश्वर पासवान, महेंद्र चौधरी, विनय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, निर्णायक सुदय सिंह, नेहाल मिर्जा, सगीर अहमद, एसएम अकरम और मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, अनुशासन कमेटी से भानु प्रताप सिंह, राहुल कुमार, अमरेंद्र कुमार, प्रह्लाद ठाकुर आदि उपस्थित थे। कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के रूपरेखा व टीम सूची की जनकारी कमेटी की आगामी बैठक में 16 नवंबर को दिया जाएगा।

## मालगाड़ी का खुला कपलिंग, पांच डब्बे और गार्ड बोगी अलग

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के बांसजोड़ा स्टेशन के समीप एक मालगाड़ी का कपलिंग खुल गया। जिससे मालगाड़ी के पांच डब्बे और गार्ड बोगी मालगाड़ी से अलग हो गई। डब्बे करीब 20 मीटर तक पीछे रह गए। घटना की सूचना मिलते ही बांसजोड़ा स्टेशन मास्टर के के मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे और कपलिंग लगवाकर मालगाड़ी को रवाना करवाया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक मालगाड़ी खड़ी रही और रेलवे फाटक भी बंद रहा। बताया जा रहा कि रविवार की शाम 5.8 बजे अप साउथ लाइन मे कुसुंडा से कतरास की ओर जा रही खाली मालगाड़ी बांसजोड़ा रेलवे फाटक पार करते ही कुछ ही दूरी पर पोल संख्या डीके 7/39 के समीप कपलिंग खुल गया। इससे इंजन सहित अन्य डब्बे कुछ दूर आगे आगे चल गए जबकि पांच डब्बे और गार्ड बोगी वहीं रह गई। कपलिंग खुलने से हॉसपाइप भी खुल गया और एयर प्रेशर निकलने लगा।

### आरटीआइ सार्वजनिक होने के बाद गुहीबांध के पास पार्किंग स्थल का बदला नाम

# सड़क पर चलने के लिए सरकार दो तरह का टैक्स नहीं ले सकती

- आरटीआइ सार्वजनिक होने के बाद अवैध वसूली करने वालों के बीच मचा हड़कंप
- कहा- बस पड़ाव के भींतर टोटो-टेंपो खड़ा करने पर ही दें टैक्स

### हाइकोर्ट के अधिवक्ता ने कहा- करेंगे वाहन चालकों को जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता गजेंद्र के आरटीआई सार्वजनिक होने से गुहीबांध के पास पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में वसूली करने वालों ने पर्ची में गुहीबांध स्टैंड टोल टैक्स का नाम बदलकर गुहीबांध बस पड़ाव का पर्ची छपवाकर वसूली करने लगे। इस बाबत जानकारी मिलने के बाद रविवार को अधिवक्ता गजेंद्र अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और बताया कि भारतीय संविधान के अनुसार सड़क पर वसूली करना अवैध हैं। बिना नगर प्रशासक के मिली भगत के जनता से इतना बड़ा लूट संभव नहीं हो सकता, क्योंकि सड़क पर चलने के लिए सरकार दो तरह का टैक्स नहीं ले सकती है। अधिवक्ता गजेंद्र ने आंदोलन को तेज करते हुए नगर प्रशासक का पुतला दहन करने की बात कही। नगर भ्रमण कर सभी टोटो-टेंपो चालकों-मालिकों को जागरूक करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी टोटो व टेंपो चालक-पालिक तभी टोल का पैसा दें जब वो अपना वाहन बस पड़ाव के अंदर खड़ा करे, ना की रोड पर खड़ा करने पर। इस मौके पर सूर्यदेव मिश्रा, बबलू मिश्रा, छोटू जी, रितिक सिंह, उमेश, मुकेश गुप्ता, सोमनाथ, मिथुन बाऊरी, राजेश उरांव, रवि डोम, श्याम महतो, ब्रजेश पांडेय, प्रिंस सहित कई लोग मौजूद थे।



पुलिस से बात करते अधिवक्ता गजेंद्र।

## राजद का मूल मकसद भाजपा को सत्ता से बेदखल करना: डॉ मनोज




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राजद का मूल मकसद भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। इसलिए आइएनडीआइए गठबंधन बनाया गया है। भाजपा अंग्रेजों की तरह फुट डालो और राज करो की राजनीति कर रही है। उक्त बातें राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह धनबाद प्रभारी डॉ मनोज कुमार ने कही। वे रविवार को कोलाकुसमा स्थित राजद कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। वे यहां धनबाद जिला राजद कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत करने को लेकर विशेष चर्चा की गई है। साल 2024 में होने जा रहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव में गठबंधन की ओर से मैदान में उतारे जाने वाले प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके इसके लिए मजबूती से कार्य किये जायेंगे। वहीं, बैठक में जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने आगामी चुनावों में पार्टी से धनबाद में प्रत्यासी देने की मांग की। साथ ही जिले में संगठन को धारदार बनाने के लिए पंचायत स्तर और बूथ स्तर पर कार्य किये जाने की जानकारी दी। मौके पर विजेंद्र कुमार सिंह, कादरी साहेब, सुरेश राउत, विनय सिंह, शिवजी यादव, खूबलाल चौधरी, महेंद्र यादव, मनन यादव, सतेंद्र कुमार, मुमताज कुरैसी और विक्रम प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

## दो दुकानों में सेंधमारी, 90 हजार की संपत्ति चोरी



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना अंतर्गत भगतडीह मोड़ के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों में चोरी कर करीब 90 हजार रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। चोरो ने ईश्वर पंडित के साइबर कैफे में सेधमारी कर दुकान में रखें इनवर्टर, लैपटॉप, बैटरी सहित नगद 1500 रुपये चोरी कर लिये। वहीं, मोहम्मद राजू की इलेक्ट्रिक दुकान का एसबेस्टर तोड़कर दुकान में रखें लगभग 20 हजार के उपकरण, बिजली के तार पर हाथ साफ कर लिया। लोगों का कहना है कि बीते 8 हफ्तों में अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। वहीं, समाचार लिखे जाने तक दुकान मालिक द्वारा झरिया थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

## आयकर विभाग ने मैथन में बिना जीएसटी पेपर के दो कोयला लदे ट्रकों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मैथन मोड़ स्थित संजय चौक के समीप आयकर विभाग ने रविवार की दोपहर दो कोयला लदे ट्रकों को पकड़ा। जांच के दौरान चालकों से ट्रकों में लदे कोयले से संबंधित कागजात दिखाने को कहा गया जिसमें वे असमर्थ रहे, जिसके बाद दोनों ट्रक को विभाग ने जब्त कर लिया है और आगे की कारवाई में जुट गई है। इस बाबत चिरकुंडा अंचल के राज्य कर सहायक आयुक्त देवाशीष कुमार के बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सूचना मिली थी कि कालूबथान से कोयला लोड कर डब्ल्यूबी 37 ई/ 3085 और एनएल01 एडी/ 3949 नंबर के ट्रक पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के लिए रवाना हुए हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संजय चौक के समीप दोनों गाड़ी को रुकवा कर जांच की तो चालक जीएसटी से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाए। जिसके बाद दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी को बुलाया गया है जिसके बाद जुर्माना वसूला जाएगा। बताते चलें कि जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जिले में कोयले के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सूत्रों की माने तो निरसा, मैथन, मुगमा आदि क्षेत्रों में एक बार फिर से अवैध कोयला कारोबारी सक्रिय हो गए हैं और अपने कारनामें को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। वहीं लोगों का मानना है कि आयकर विभाग अगर ऐसे ही कार्रवाई करता रहा तो कुछ हद तक इस अवैध कारोबार पर जरूर अंकुश लगेगी।



## फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीम के बीच रागिनी सिंह ने बांटा पुरस्कार



**झरिया (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर क्षेत्र के नुनुडीह बस्ती मैदान में मां देवी क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय युवा एकता कप फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को डीएफसी क्लब भौरा एवं अमर एकता क्लब धनबाद के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच पेनाल्टी शूटआउट के बीच एक रोमांचक मुकाबले में डीएफसी क्लब भौरा ने जीत हासिल की। विजेता टीम को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने पुरस्कृत किया। यहां पहुंचने पर रागिनी सिंह का आयोजकों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस टूर्नामेंट कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, अनूप कुमार, श्रवण गोराई, सूरज हरि, भीम बाउरी, गणेश बाउरी, नुनू गोराई, बिरजू गोराई, धर्मेंद्र नोनिया और अरविंद नोनिया आदि मौजूद थे।

## प्रदूषण के खिलाफ डीसी के नाम लिखे त्राहिमाम संदेश में आम भागीदारी के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया की समाजसेवी संस्था ग्रीन लाइफ और यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 4 नंबर टैक्सी स्टैंड के समीप शहर में व्याप्त वायू प्रदूषण के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने समर्थन करते हुए धनबाद के डीसी को दिये जा रहे आवेदन पर हस्ताक्षर कर प्रदूषण से मुक्ति की गुहार लगाई। संस्था के लोगों ने बताया कि धनबाद डीसी के नाम झरिया को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए त्राहिमाम संदेश लिखा गया है। इसमें आमजनों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसी उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। त्राहिमाम संदेश में शहरवासियों को वायू प्रदूषण से निजात दिलाने की मांग की गई है, ताकि यहां के लोग भी स्वस्छ हवा ले सके। बताया कि इस अभियान में 400 से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई है। ग्रीन लाइफ संस्था के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि धनबाद डीसी को दिये जा रहे आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, एवं राष्ट्रपति को भी भेजी जाएगा। झरिया के आसपास की खुली खदानें मानक के विरुद्ध चल रही हैं। यदि ओवर बर्डन को पानी के साथ डंप किया जाए तो हवा में धूल कण नहीं फैलेगा। डॉ मनोज ने अपील की कि भावी पीढ़ी की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण की इस लड़ाई में साथ दें। वहीं यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि हर व्यक्ति को प्रदूषण के खिलाफ खड़ा होना होगा नहीं तो आने वाला कल भयावह होगा।



## सब स्टेशन में चोरों ने काटा 1200 फीट तार, लोयाबाद के कई इलाकों में अंधेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद पांच नंबर सब स्टेशन में शनिवार की रात चोरों ने करीब 1200 फीट अल्म्यूनियम तार चोरी कर ली। घटना कब घटित हुई किसी को पता नहीं चला। शनिवार की देर रात दो बजे घटना होने की आशंका है। चोरी हुए तार सब स्टेशन के चार हैवी ट्रांसफार्मर के लिए अर्थिंग का काम कर रहे थे। काटे गए तार की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये आंकी जा रही है। घटना के बाद से करीब छह हजार की आबादी के बीच बिजली संकट गहरा गया है। लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन की मानें तो टेक्नीशियन सतर्कता से बड़ा हादसा बच गया नहीं तो सभी ट्रांसफर्मरों में आग लग सकती थी। गनीमत रही कि टेक्नीशियन की नजर काटे गए अर्थिंग तार पर पड़ गए। जिस कारण तुरंत लाइन बंद कर दिया गया। प्रबंधन ने बताया कि यहां चार ट्रांसफार्मर स्थापित है। सभी में कुल 12 अर्थिंग लगाये गये थे, जिसे चोरों ने काट लिया। सब स्टेशन इंचार्ज तपन पंडा ने बताया कि रविवार की सुबह पांच बजे लाइन को लोड शेडिंग के लिए बंद किया गया था। सुबह 8 बजे दोबारा लाइन चार्ज करते हुए टेक्नीशियन निगरानी के लिए सब स्टेशन के पीछे गया तो उसकी नजर कटे तारों पर पड़ी। खबर लिखे जाने तक अर्थिंग मरम्मति का काम जारी था। घटना से दुर्गा मंदिर कॉलोनी, कनकनी चार नंबर, हॉस्पिटल, लोयाबाद पांच नबर, आठ नंबर आदि जगहों के इलाके में बिजली गुल है। वहीं, कोलियरी अभियंता तरुण कुमार ने कहा कि चोरों को इस तार को काट कर ले जाने से कोई फायदा नहीं हुआ होगा। लेकिन परेशान जरुर कर दिया। एक तो बंद कोलियरी है। किसी तरह व्यवस्था कर काम चलाया जा रहा है। लोगों को यह बात समझ में नहीं आती है। वैसे तार की व्यवस्था कर ली गयी है। बहुत जल्द विद्युत आपूर्ति होगी।



## दीपावली से पहले कर ली जायेगी सभी छठ घाटों की सफाई : नगर आयुक्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर कहा कि डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार नगर निगम ने निगम क्षेत्र में छठ घाट चिन्हित कर वहां पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। दीपावली तक सभी तालाबों की सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा है। छठ तालाब के साथ-साथ एप्रोच रोड की भी सफाई की जा रही है। दीपावली के बाद यदि तालाब गंदा होगा तो फिर से उसकी सफाई निगम द्वारा की जाएगी। छठ पूजा के दो दिन पहले तालाबों में ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी डाली जाएगी। जिससे पानी शुद्ध हो जाएगा। खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग की जाएगी और जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ की टीम की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पंपु तालाब, लोको टैंक, रानी बांध, बेकार बांध, राजा तालाब, बिग बाजार के पास तालाब, झरिया राजा तालाब, विकास नगर छठ घाट में सर्वाधिक भीड़ होती है। इन जगहों पर तैराकों की तैनाती की जाएगी। नगर आयुक्त में सभी नगर वासियों से तालाब को गंदा नहीं करने और स्वच्छ रखने तथा घर का कचरा एवं पूजन सामग्री को तालाब में नहीं डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर का जो भी कचरा है वह नगर निगम की घर-घर घूमने वाली गाड़ी में ही डालें।



## भेंडरा के लौह कुटीर उद्योग का केंद्रीय अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण



**जरीडीह (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सचिवालय सेवा नई दिल्ली के पदाधिकारियों की टीम ने भेंडरा लौह कुटीर उद्योग, नावाडीह का निरीक्षण किया। इसमें सेक्शन ऑफिसर मनजीत कुमार, कोरी रविंद्र, कुलविंदर सिंह, के. थंगमिन लाल, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम बोर्ड के जिला समन्वयक किशोर कुमार रजक शामिल थे। वही, भेंडरा के मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा ने भेंडरा में चल रहे कई लौह कुटीर उद्योग के इकाइयों का अवलोकन करवाया। अधिकारियों ने कारीगरों और उनके सहायकों से इस कार्य में होने वाली कठिनाई के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। मुखिया नरेश विश्वकर्मा ने टीम को यहां के इतिहास से जोड़ते हुए कहा कि इस उद्योग को शेरशाह सूरी ने चुनिंदा कारिगरों द्वारा इस गांव को कुटीर उद्योग के रुप में बसाया था। तब से लेकर आज तक भेंडरा लौह कुटीर उद्योग अपने परंपरागत तरीकों से देश में अपनी पहचान बना रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हम लोग इस गांव के विकास के लिए सरकार को अवगत कराएंगे, ताकि हजारों की संख्या में पलायन रोका जा सके। यहां के मूलभूत समस्याओं से निजात दिला सकें। वे सभी यहां के बने सामानों को देखकर आश्चर्यचकित रहे। उन्होंने कहा कि यहां के उद्योग को सपोर्ट कर मेकिंग भारत को बढ़ावा दिया जा सकता है। यहां के सामानों में गुणवत्ता को बढाकर लोकल और नेशनल से लेकर इंटरनेशनल बाजार तक पहुंचा जा सकता है।

### श्रद्धांजलि में शामिल हुए धनबाद सांसद और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह

# उपेंद्र विश्वकर्मा का निधन भाजपा के लिए एक अपूरणीय क्षतिः पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भाजपा भागा मंडल की ओर से रविवार को फुसबंगला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री सह भागा मंडल के पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी। उक्त कार्यक्रम में सांसद पशुपतिनाथ सिंह और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम स्व उपेंद्र विश्वकर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने उपेंद्र विश्वकर्मा के साथ बिताए पल को साझा किया। सांसद ने कहा कि उपेंद्र जी एक कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उनका निधन संगठन के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। वहीं रागिनी सिंह ने कहा कि उपेंद्र जी का अचानक चले जाना संगठन के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनके परिजनों के लिए संकट की घड़ी है और संगठन का हर एक कार्यकर्ता उपेंद्र विश्वकर्मा जी के परिवार के साथ है। हर संभव परिजनों की मदद की जाएगी। इस मौके पर धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष मानस प्रसून, जिला महामंत्री नितिन भट्ट, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, योगेंद्र यादव, राज किशोर जैना और अभिषेक पांडेय आदि मौजूद थे।



श्रद्धांजलि सभा अपने वक्तव्य रखते धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह। बगल में बैठी रागिनी सिंह व अन्य भाजपाई।

## खेल से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का होता है विकास : मुखिया

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर खेल मैदान में रविवार को अभ्यूदय यूथ कल्ब की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम स्वराज मंच समिति द्वारा किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया पार्वती देवी ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में तुलबुल एवं होसिर सहित आसपास पंचायत के विभिन्न बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती देवी ने सर्वप्रथम ग्राम स्वराज मंच समिति सदस्यों को बधाई दी। हुए कहा कि क्लब व समिति द्वारा सिर्फ बच्चों को शिक्षा ही नहीं दिया जाता, बल्कि देश एवं समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का मौका भी देती है। इसके बाद मुखिया ने पुरस्कार पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया एवं उनके उज्वलभविष्य की कामना की। मुखिया पार्वती देवी ने खेल के महत्व के बारे में बताया। कहा कि खेल का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेल से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेल कूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ होते है। इस मौके पर समाजसेवी सेवानिवृत्त हरिपाल मास्टर, रंजीत प्रजापति समिति के अरुण जी, संतोष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# राष्ट्रपति 20 नवंबर को मयूरभंज आयेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 20 तारीख को दो दिवसीय दौरे पर मयूरभंज आ रहे हैं। इसकी जानकारी रायरंगपुर विधायक नवचरण मांझी ने दी। 20 तारिख को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बादामपहाड़ रेल मार्ग पर प्रस्तावित 3 नयी ट्रेनों का उद्घाटन करेंगे। उसी दिन टाटा से राउरकेला के लिए दूसरी ट्रेन चलेगी। इसके लिए बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था की जायेगी। वहां राष्ट्रपति 3 ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे। इससे स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। विधायक नवचरण मांझी ने इसके लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।

# ब्रेन डेड महिला का अंग ग्रीन कॉरिडोर बना कर भेजा गया

- छह लोगों को मिलेगी नयी जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रेन डेड महिला के महत्वपूर्ण अंग ग्रीन कॉरिडोर बना कर अस्पताल भेजा गया। अंगों को विशेष रूप से व्यवस्थित एंबुलेंस में सुरक्षित रूप से हवाई अड्डे तक पहुंचाया गया। वहां से चार्टर्ड फ्लाइट से कोलकाता, चेन्नई भेजा गया। अंगों को कटक के बड़ा मेडिकल कॉलेज और भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भी भेजा गया है। बता दें कि ब्रह्मपुर की 56 वर्षीय महिला स्कूटर चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो गयी। उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था। उन्हें 1 नवंबर को भुवनेश्वर के आमरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 2 तारीख को उनका ब्रेन डेड हो गया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद पता चला कि वह ठीक नहीं हो सके। बाद में महिला के परिवार ने उसके महत्वपूर्ण अंग दान करने का फैसला किया। इसकी जानकारी राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन को दी गयी। वहां से अनुमति के बाद लीवर, फेफड़े, हृदय, किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों को आमरी अस्पताल में निकाला गया था। हालांकि, हार्ट हार्वेस्टिंग नहीं हो सकी। अन्य हिस्सों को सुरक्षित रूप से उन्हें कोलकाता, चेन्नई के निजी अस्पतालों और भुवनेश्वर के सम अल्टिमेट और कटक के एससीबी बड़ा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।


फाइल फोटो

# कोलकाता के लिए इंडिगो ने भरी उड़ान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंडिगो ने रविवार से झारसुगुडा वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे से उड़ान शुरू की। इंडिगो की उड़ान झारसुगुड़ा से कोलकाता के लिए उड़ान भरेगी। यह प्रतिदिन शाम 7.25 बजे झारसुगुड़ा पहुंचेगी और शाम 7.05 बजे कोलकाता के लिए रवाना होगी। इससे पहले झारसुगुड़ा एयरपोर्ट से कोलकाता तक एलायंस एयर की उड़ान को पिछले 29 तारीख से नये शेड्यूल से बाहर कर दिया गया है। इसी तरह, जहां स्पाइस जेट नयी दिल्ली जा रही थी, वहीं एलायंस एयर सप्ताह में 3 दिन भुवनेश्वर के लिए उड़ान भर रही है। इंडिगो अगले 15 तारीख से बेंगलुरु के लिए सेवा शुरू करेगी।

## जेएसपी वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2023

# रॉयल डायनामोज ने विजेता ट्रॉफी जीती




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल रॉयल डायनामोज ने जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) अंगुल के जिंदल ऑफिसर्स क्लब (जेओसी) द्वारा आयोजित अंतर-विभागीय वार्षिक वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2023 के विजेता के रूप में ट्रॉफी जीती। 26 अक्टूबर को शुरू हुए वार्षिक वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार शाम को हुआ। रॉयल डायनामोज टीम में अंगुल परियोजना के विभिन्न विभागों जैसे जिसमें एचआर, सचिवालय, एफ एंड ए, ऑडिट, कॉन्ट्रैक्ट सेल, खरीद, लॉजिस्टिक्स और सेंट्रल यूटिलिटी विभाग के खिलाड़ी शामिल हैं। इस रोमांचक फाइनल मैच में रॉयल डायनामोज की टीम टीम पैंथर ब्लास्ट को 3-0 सेट्स में हरा कर चैंपियन बन गयी है। फाइनल मैच में जेएसपी अंगुल प्लांट के मुख्य और कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा और जेओसी स्पोर्ट्स के महासचिव आशीष कुमार सिंह क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि थे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

## नालको का जागरूकता सप्ताह

# भाषण प्रतियोगिता और वॉकथॉन का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तहत नालको ने सार्वजनिक जीवन में अखंडता, पारदर्शिता और जवाबदेही का संदेश फैलाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। 3 नवंबर को नालको निगम कार्यालय सभागार में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार सौंपे गये। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, नालको ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में व्यवहारिक परिवर्तन पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आर्तत्राण मिश्रा, उप महानिदेशक वन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर ने भाग लिया। रमेश चंद्र जोशी, निदेशक, पंकज कुमार शर्मा, निदेशक, एवं सोमनाथ हंसदाह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, नालको ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

स्वागत भाषण देते हुए श्री सोमनाथ हंसदाह ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए पिछले तीन महीनों में नालको सतर्कता विभाग द्वारा की जा रही आउटरीच गतिविधियों की सराहना की। समारोह का समापन सतर्कता विभाग के विभागाध्यक्ष एसआर ताकसांडे के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

इसके अलावा, भ्रष्टाचार के प्रतिकूल प्रभावों और इससे निपटने के तरीकों के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए, 4 नवंबर नालको आवासीय क्षेत्रों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र द्वारा एक वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखायी गयी। वॉकथॉन में कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश दिया।

# भाजपा ने रत्न भंडार खोलने की मांग की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने पुरी श्रीमंदिर रत्न भंडार की जांच के लिए लेजर स्कैनिंग करने की राज्य सरकार की योजना पर सवाल उठाया है। प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष समीर महांति ने लेजर स्कैनिंग को एक सुनियोजित साजिश करार दिया। रत्न भंडार को खोलना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। परिक्रमा परियोजना से पहले रत्न भंडार खोला जाये। उन्होंने सवाल किया कि उच्च न्यायालय के आदेश और गजपति की सिफारिश के बावजूद रत्न भंडार क्यों नहीं खोला जा रहा है।

# एक्जिमा उपचार की नयी दिशा उपल-2 : डॉ संदीपन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पिछले 20 वर्षों में दुनिया में एक्जिमा जैसे त्वचा रोग 4 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 7.5 प्रतिशत हो गये हैं। प्रसिद्ध त्वचा विशेषज्ञ डॉ संदीपन धर ने शनिवार को कहा कि नयी दिशा आश्वस्त करने वाली है, क्योंकि यह अब उप-2 है। नयी दवाओं और नयी प्रक्रियाओं के प्रयोग से एक्जिमा को ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए समय चाहिए।

सोसाइटी फॉर एक्जिमा स्टडीज (एसइएस) के अध्यक्ष डॉ धर ने कहा कि हालांकि इस संबंध में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। डॉ धर ने इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल में दो दिवसीय नेशनल अपडेट 2023 उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान यह बात कही। जैसे-जैसे एक्जिमा के उपचार में नये शोध जारी हैं। त्वचा विशेषज्ञों और आम जनता के बीच जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसी कारण से नेशनल अपडेट 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

डॉ धर ने कहा कि दुनिया भर में उपल- 2 नयी उपचार प्रक्रियाओं और दवाओं के अनुप्रयोग में त्वचा विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसीलिए एसइएस का गठन किया गया है।

एससीबी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कटक के त्वचा विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) प्रसेनजीत महांति इस अवसर पर शामिल हुए और अपने भाषण में कहा कि एसइएस नये परीक्षण और उपचार विधियों के बारे में जागरूकता पैदा कर रहा है। प्रो (डॉ) अजय कुमार जेना, अतिरिक्त डीन, आइएमएस एंड सम अस्पताल, प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार, चिकित्सा अधीक्षक, प्रो (डॉ) बिकाश रंजन कर प्रमुख, त्वचा विज्ञान विभाग, और प्रो (डॉ) मैत्रेयी पंडा ने इस अवसर पर बात की।



नेशनल अपडेट-2003 कार्यक्रम में त्वचा विशेषज्ञ डॉ संदीपन धर और अन्य।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**